www.mumbaitarang.com

RNI No. MAHHIN/2020/78591
Postal Reg. No. MNW/354/2020-2022

MUMBAI TARANG

# मुंबई तरंग




जय श्री राम
Yogi 8156045100
Bimal Patel 8401886537
YOGI Property
Row House, Flats, Shop, Plot, Bunglows
PURCHASE, SALE & RENT
B-Mark Point, Dindoli Bus Stop, Near SBI Bank, Dindoli, Surat

संपादक : दिलीप नानजीभाई पटेल ❖ उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा ❖ वर्ष-02 ❖ अंक-15 ❖ मुंबई ❖ रविवार 04 से 10 अप्रैल 2021 ❖ पृष्ठ-8 ₹4/-

पेज 3
मुंबई में 600 इमारतें सील, महाराष्ट्र में दो दिन में होगा लॉकडाउन का फैसला


पेज 5
नीतीश सरकार की पहल, दिल में छेद वाले बच्चों का होगा मुफ्त इलाज, 21 बच्चों को भेजा गुजरात


पेज 7
अमिताभ बच्चन ने कोविड वैक्सिनेशन के बाद साझा किया अनुभव, साइड इफेक्ट का डर है तो जरूर पढ़ें


पेज 8
हम अचल न हो सके तो परवा नहीं, निश्छल होना जरूरी है साधु कभी उग्र नहीं होता, लोक कल्याण के लिए व्यग्र होता है


# लॉकडाउन से बचा जा सकता है, पर नियमों का पालन जरूरी!

## -मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का जनता से आह्वान



**राज्य में सख्त प्रतिबंध लगाए जाएंगे**

**कोरोना पर राजनीति न करें**

**राज्य में परिस्थिति चिंताजनक है**

**कोरोना ने नया अवतार धारण किया है**

महाराष्ट्र में बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या को देखते हुए राज्य की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। राज्य की जनता फिर एक बार एकजुट होकर कोरोना जैसे मायावी महाराक्षस से मुकाबला करे। हम दृढ़ विश्वास के साथ कोरोना को रोक सकते हैं और लॉकडाउन से बच सकते हैं। लॉकडाउन हम भी नहीं चाहते लेकिन मुझे मेरी जनता और महाराष्ट्र की चिंता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कल राज्य की जनता को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने विरोधियों को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि सड़कों पर उतरिए, परंतु कोरोना से लड़ने के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही मुझे खलनायक ठहराया जाए लेकिन सबसे पहले मेरी जनता और मेरा राज्य मुझे प्यारा है। उन्होंने विरोधियों की खबर लेते हुए कहा कि कोरोना को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लॉकडाउन के कारण महाराष्ट्र ही नहीं, पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। यह संकट अभी टला नही है। कोरोना अलग-अलग रूप बदलकर हमें मुश्किलों में डाल रहा है। पहले से बड़ा राक्षस आ गया है। हमें एकजुट होकर धैर्य से लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन लगाने के लिए तरह-तरह की सलाह दी जा रही है, सड़क पर उतरने की धमकी दी जा रही है। एक उद्योगपति ने भी स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने की सलाह दी है। हम बेड और अन्य सुविधाएं बढ़ा ही रहे हैं, केवल फर्नीचर की दुकान खोल लेना सुविधा नहीं होती। सुविधाएं तो बढ़ाई जा रही हैं लेकिन विशेषज्ञ, डॉक्टर, नर्स, और स्वास्थ्य कर्मचारी कहां से लाएं। उन्होंने कहा कि जरूर सड़क पर उतरो परंतु कोरोना को रोकने के लिए और डॉक्टरों व मरीजों की मदद के लिए सड़क पर उतरो। जिन कोरोना योद्धाओं ने अपनी जान गवां दी उनके परिवारों की जिम्मेदारी के लिए उतरो। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कल राज्य की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे मेरा महाराष्ट्र प्यारा है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन घातक है, हम दो पेंच में फंस गए हैं, कोरोना से बचें या अर्थव्यवस्था को संभालें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि लॉकडाउन के कारण रोजगार चले जाएंगे लेकिन कोरोना के कारण जान जाने का भी खतरा है। रोजगार तो वापस मिल जाएगा लेकिन चली गई तो जान फिर वापस आएगी? राज्य में ढाई लाख जांच रोजाना का लक्ष्य कोरोना जांच मामले में हम पीछे नहीं हटेंगे। मुंबई में रोजाना लगभग ५० हजार तो पूरे महाराष्ट्र में १ लाख ८२ हजार लोगों का कोरोना टेस्ट किया जा रहा है। भविष्य में राज्यभर में ढाई लाख लोगों की प्रतिदिन जांच करने का लक्ष्य है। इनमें ७० प्रतिशत से अधिक लोगों को आरटीपीसीआर जांच करने का लक्ष्य है। गुणवत्ता से समझौता नहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक हमने कोरोना मामले में कुछ छुपाया नहीं है और भविष्य में भी छुपाएंगे भी नहीं। सरकार राज्य की जनता के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। कुछ लोग बिहार, बंगाल चुनाव का हवाला देकर जांच कम करने की बात कर रहे हैं लेकिन हम जांच और वैक्सीन की गति कम नहीं करेंगे। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य जिसने कोरोना से लड़ने के लिए युद्धस्तर पर कोरोना अस्पताल बनवाए, पौने चार लाख नए बेड्स की सुविधा उपलब्ध कराई।

# 18 वर्ष तक के सभी को लगे कोरोना का टीका!'

### उम्र की शर्तों में शिथिलता के लिए केंद्र से सरकार करे पत्र-व्यवहार



मुंबई, राज्य में कोरोना की व्यापकता बढ़ने के साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। २० से ४५ वर्ष के बीच के युवाओं में भी कोरोना के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। युवाओं के बीच कोरोना संक्रमण का लक्षण इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि वे नौकरी और व्यवसाय के लिए बाहर जाते हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने मांग की है कि १८ साल से ऊपर के सभी लोगों को कोरोना का टीका लगाया जाए।

इस संबंध में नाना पटोले ने आगे कहा कि राज्य में कोरोना का संकट बढ़ रहा है। दूसरी ओर टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है। हालांकि, यह अच्छी बात है कि ४५ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को १ अप्रैल से टीका लगना शुरू हो गया है, युवाओं में कोरोना रोग बढ़ रहा है। इसके लिए राज्य सरकार को १८ साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को टीकाकरण करने के लिए केंद्र सरकार से अनुमति लेनी चाहिए और राज्यभर में बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाना चाहिए। फरवरी में कोरोना रोग की शुरुआत के बाद से २० से ४५ वर्ष के युवा संक्रमित हुए हैं। घर से काम के लिए निकले युवकों के घर आने पर घर में बुजुर्ग और छोटे बच्चों के संक्रमित होने का बड़ा खतरा होता है। फरवरी में कोरोना रोग की शुरुआत के बाद से २० से ४५ वर्ष के युवा संक्रमित हुए हैं।

# अजय देवगन की फिल्म 'मेडे' के प्रोडक्शन से जुड़े 12 लोगों पर केस दर्ज

### सोशल डिस्टेंसिंग के नियम तोड़ने और मास्क नहीं पहनने का आरोप



अभिनेता और निर्माता अजय देवगन के प्रोडक्शन हाउस से जुड़े 12 स्टाफ के खिलाफ कोविड-19 गाइडलाइन के उल्लंघन का केस दर्ज हुआ है। ये क्रू मेंबर वसई के सनसिटी इलाके में फिल्म 'मेडे' के सेट का निर्माण कर रहे थे। इनपर भीड़ जमा करने और लॉकडाउन के नियम तोड़ने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, सनसिटी ग्राउंड में जो सेट तैयार हो रहा था, उसमें एक प्लेन क्रेश का सीन शूट होना था। फिल्म क्रू का दावा है कि उनके उन्होंने वसई तहसीलदार से अनुमति ली है। मेडे' फिल्म का अजय देवगन बना रहे है। इसमें अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और अंगिरा धार लीड रोल में हैं। ये फिल्म अप्रैल 2022 में रिलीज हो सकती है।

मानिकपुर पुलिस स्टेशन में अभिनेता के स्टाफ से जुड़े जिन लोगों पर केस दर्ज हुआ है, उनमें गार्डेनिया स्टूडियो के लोकेशन मैनेजर दानिश जैसवाल (35) भी शामिल है। मानिकपुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर भाऊसाहेब अहिरे ने बताया कि उन्होंने गश्त के दौरान कई लोगों को COVID-19 नियमों की धज्जियां उड़ाते और सोशल डिस्टेंसिंग के नियम तोड़ते हुए पकड़ा।

### स्टाफ में से किसी ने मास्क नहीं पहना था

अहिरे ने बताया कि सनसिटी ग्राउंड पर बनने वाले सेट के पास 15 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से एक-दो को छोड़ किसी ने मास्क नहीं पहना था।

जिन्होंने मास्क पहना भी था, वह उनकी ठुड्डी से नीचे खिसक गया था। नियम तोड़ते देख हमने लोकेशन मैनेजर जैसवाल को बुलाया। उन्होंने बताया कि उनके पास तहसीलदार के यहां से शूटिंग की परमिशन ली है। उन्होंने बताया कि अजय देवगन यहां शूटिंग के लिए आ रहे हैं।

# पहली से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी होंगे पास





कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्कूली शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों को पास करने की घोषणा की है। विद्यार्थी बिना परीक्षा दिए ही प्रमोट कर दिए जाएंगे। स्कूली शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने यह जानकारी ट्विटर पर अपना एक वीडियो शेयर करके दी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पहली से कक्षा आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। याद दिला दें कि कोरोना महामारी की वजह से स्कूल नहीं खुल सके। विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही थी। राज्य में कई बच्चे ऐसे हैं, जिनके पास मोबाइल न होने के कारण उनकी पढ़ाई में दिक्कतें आईं।

# सचिन वझे की कस्टडी 7 अप्रैल तक बढ़ी

## कोर्ट ने NIA को इलाज की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए



एंटीलिया केस में गिरफ्तार मुंबई पुलिस के सस्पेंड API सचिन वझे की कस्टडी 7 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। स्पेशल कोर्ट ने NIA को निर्देश दिए हैं कि वझे को हर तरह की मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वझे की हिरासत अवधि आज खत्म हो रही थी। इसके मद्देनजर NIA की टीम वझे को लेकर स्पेशल कोर्ट पहुंची। कोर्ट लाने से पहले NIA ने वझे की मेडिकल जांच भी कराई। NIA की स्पेशल कोर्ट ने जांच एजेंसी को निर्देश दिया कि 7 अप्रैल को अगली पेशी के दौरान वह वझे के स्वास्थ्य और उनकी बीमारियों पर डीटेल्ड रिपोर्ट पेश करे। इससे पहले, सचिन वझे के वकील रौनक नाईक ने अदालत को एक एप्लीकेशन लिखी थी। इसमें उन्होंने कहा कि वझे को सीने में दर्द के साथ-साथ हार्ट में 90% के दो ब्लॉकेज हैं। ऐसी हालत में वझे को उनके कार्डियोलॉजिस्ट से मिलवाया जाए, ताकि उनका मेडिकल ट्रीटमेंट शुरू हो सके।

NIA ने कहा- वझे के जॉइंट अकाउंट वाले लॉकर में 26 लाख रुपए मिले कोर्ट में ASG अनिल सिंह NIA का पक्ष रख रहे हैं। शनिवार को हुई सुनवाई में उन्होंने कहा कि मीठी नदी से काफी खराब हालत में मिली DVR और CPU की जांच की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सचिन वझे के पास से बरामद डायरी में भारी मात्रा ने पैसों के लेनदेन के कई सबूत मिले हैं। उनके पास से एक अज्ञात शख्स का पासपोर्ट भी मिला है। सिंह ने कहा कि 2 अप्रैल को जब्त की गई एक मर्सिडीज कार की जांच अभी बाकी है। हमें विनायक शिंदे और वझे को आमने-सामने बैठकर पूछताछ करनी है। वझे का एक जॉइंट अकाउंट है और एक लॉकर की जानकारी भी मिली है।

# महाराष्ट्र में कोरोना के आपात हालात से निपटने की तैयारी, गुजरात में नौवीं तक स्कूल और कर्नाटक में स्विमिंग पूल बंद

मुंबई, एजेंसियां। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस से स्थिति और खराब होती जा रही है। एक दिन में करीब 50 हजार नए मामले मिलने के बाद उद्धव ठाकरे सरकार आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों में बड़े स्तर पर जुट गई है। अस्पतालों में और बेड, एंबुलेंस और ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि कोरोना संक्रमितों के लिए ऑक्सीजन की कमी नहीं होने पाए, इसलिए सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाले ऑक्सीजन की सप्लाई भी मेडिकल उपयोग के लिए कर सकती है।

बेड, एंबुलेंस और ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में जुटी सरकार अभी उत्पादकों से 80 फीसद ऑक्सीजन की सप्लाई मेडिकल इस्तेमाल और 20 फीसद औद्योगिक इस्तेमाल के लिए करने को कहा गया है। वहीं, राज्य के मंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार अस्पतालों में और अधिक बेड और एंबुलेंस की व्यवस्था करेगी। नवी मुंबई के पनवले में कलमबोली स्थित कोरोना केयर सेंटर का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों पर भी चिंता जताई। इस बीच, मुंबई एयरपोर्ट पर कोरोना के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है। एयरपोर्ट पर औचक निरीक्षण में कुछ यात्रियों द्वारा नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरपोर्ट प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने की सलाह दी थी।



**महाराष्ट्र में कोरोना वायरस से स्थिति और खराब होती जा रही है। एक दिन में करीब 50 हजार नए मामले मिलने के बाद उद्धव ठाकरे सरकार आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों में बड़े स्तर पर जुट गई है।**

गुजरात में नौवीं तक के स्कूल बंद

बढ़ते संक्रमण को देखते गुजरात में नौवीं तक के स्कूलों को सोमवार से अनिश्चित काल के लिए बंद रखने का आदेश दिया गया है। इस दौरान ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री विजय रूपानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 10वीं और 12वीं के साथ ही कॉलेज में कक्षाओं में पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया गया।

कर्नाटक में स्विमिंग पूल बंद

कर्नाटक सरकार ने राज्य में स्विमिंग पूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोरोना संबंधी पाबंदियों को भी 31 मई तक बढ़ाने का एलान किया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधार ने कोरोना संबंधी पाबंदियों में किसी तरह की छूट की संभावनाओं को भी खारिज कर दिया। कर्नाटक सरकार ने सिनेमा हॉलों में 50 फीसद बैठने की क्षमता रखने का आदेश दिया है। यह आदेश 7 अप्रैल से लागू होंगे।

# मौसम के बदले तेवर



मौसम की गर्मी ने इस साल अभी से अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग ने शनिवार तीन अप्रैल को लू चलने की चेतावनी दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश सहित दस राज्यों में अलर्ट जारी की गई है। इससे पहले मार्च महीने का औसत अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से साढ़े तीन डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसे पिछले 11 सालों में सबसे गर्म मार्च बताया गया है। होली के दिन तो पारे ने 76 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। राजधानी दिल्ली में उस दिन अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो उसे 31 मार्च 1945 के बाद से दिल्ली में मार्च का सबसे गर्म दिन बनाता है। बहरहाल, यह तो शुरुआत है। इस समय आम तौर पर देश में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है जबकि राजस्थान के कई इलाकों में पारा 40 पार कर चुका है और मौसम विभाग लू के थपेड़ों को लेकर आगाह कर रहा है।



तकनीकी शब्दावली में, तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री बढ़ जाए तो उसे हीटवेव या लू कहा जाता है और सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाए तो वह सीवियर हीटवेव की स्थिति मानी जाती है। तापमान में अचानक आने वाली यह बढ़ोतरी काफी हानिकारक होती है। इससे मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। कोरोना महामारी ने पिछले करीब साल भर से न केवल आम लोगों को बल्कि हमारे पूरे स्वास्थ्य तंत्र को असाधारण तनाव में रखा है। ऐसे में मौसमी उतार-चढ़ाव से उपजी सामान्य बीमारियां भी एक हद से ज्यादा बढ़ीं तो यह देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकती है। तापमान में बढ़ोतरी का यह ट्रेंड नया नहीं है। 2020 भी पिछले 119 बरसों में आठवां सबसे गर्म साल था। बाढ़, भारी बारिश, बिजली गिरने, कोल्ड वेव और हीट वेव जैसी एक्स्ट्रीम वेदर इवेंट्स के लिहाज से कौन-सा देश कितने जोखिम में है, इसका पता क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स से चलता है। इस इंडेक्स में भारत 20वें नंबर यानी अधिक जोखिम वाले वर्ग में है। ऐसे मौसम के कारण देश को सालाना 70 हजार करोड़ रुपये तक का नुकसान भी होता है। भारत के विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हाल ही में कहा था कि हाल के दशकों में दुनिया भर में एक्सट्रीम वेदर इवेंट्स बढ़ी हैं और आने वाले समय में और बढ़ेंगी। यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है। इसी कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है और यही मौसम में इतने भारी-उतार चढ़ाव की वजह बन रहा है। जलवायु परिवर्तन को रोकने की पेरिस समझौते जैसी पहल में भारत अगुवा देश है। सौर और पवन ऊर्जा की क्षमता बढ़ाकर भारत इसके लिए अपनी ग्रीन इकॉनमी का भी विस्तार कर रहा है। लेकिन यह लड़ाई जितनी बड़ी है, उसे देखते हुए हमें ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कमी लानी होगी।

# छोटी बचत, बड़ा काम



किरीट ए. चावड़ा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार सुबह-सुबह यह ट्वीट करके सबको खुश कर दिया कि देश में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हो रहा। खुशी की वजह यह थी कि एक दिन पहले ही सरकार ने स्मॉल सेविंग्स स्कीम के इंटरेस्ट रेट में जबर्दस्त कटौती करने का ऐलान किया था। अगर ये इतना गंभीर मामला नहीं होता तो हल्के-फुल्के ढंग से यह सोचते हुए इसका मजा लिया जा सकता था कि सरकार ने अप्रैल फूल डे की पूर्वसंध्या पर लोगों के साथ ऐसा मजाक किया, जिसकी परिणति अगली सुबह एक सुखद अहसास में हुई। मगर करोड़ों लोगों की जिंदगी से जुड़े ऐसे फैसले हंसी-मजाक की चीज नहीं हो सकते। इसलिए जब वित्त मंत्री ने बढ़ोतरी का निर्णय वापस लेने की घोषणा करते हुए अपने ट्वीट में इसका कारण यह बताया कि ब्याज दरों में कटौती का फैसला गलती से ले लिया गया था, तो उस पर सहज ही विश्वास करना बहुतों के लिए मुश्किल हो गया। कई विपक्षी नेताओं ने तो आरोप लगाए कि फैसले की घोषणा करने के बाद सरकार को अहसास हुआ कि असम और पश्चिम बंगाल में हो रहे दूसरे दौर के मतदान में बीजेपी को इस फैसले का बड़ा नुकसान हो सकता है



और इसीलिए सुबह-सुबह इसे वापस लेने की घोषणा कर दी गई। इस आरोप में सचाई हो या न हो, अगर सरकार की तरफ से वित्त वर्ष के आखिरी दिन अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए ब्याज दरों में कटौती की घोषणा तय प्रक्रिया के मुताबिक की जाती है तो इसका साफ मतलब है कि सरकार में किसी न किसी स्तर पर इस पर सोच-विचार भी हुआ होगा। कोरोना महामारी के इस दौर में सरकारी राजस्व की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह भी स्पष्ट है कि सरकार अभी बहुत दबाव में है। लेकिन छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में ऐसी कटौती सरकार को अपना खर्च कम करने में थोड़ी सहायता भले करे, आम लोगों की बचत को बुरी तरह प्रभावित करेगी। खास तौर पर रिटायर्ड बुजुर्गों को, जिनका गुजारा जीवन भर की बचत पर मिलने वाले ब्याज से चलता है। वे अपनी बचत की रकम ऐसी ही छोटी बचत योजनाओं में लगाते हैं क्योंकि यहां रिटर्न तो ठीकठाक मिलता ही है, पैसा भी सुरक्षित रहता है। यूं भी इनमें कमी का सिलसिला पिछले कई बरसों से चला आ रहा है। अब अगर और कटौती होगी तो लोगों को अधिक रिटर्न के लिए शेयर बाजार जैसे ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्र में जाना पड़ेगा। ऐतिहासिक तौर पर शेयरों ने निवेश के दूसरे सभी जरियों से अधिक रिटर्न दिया है, लेकिन बाजार के असामान्य उतार-चढ़ावों को बर्दाश्त करना सबके बस की बात नहीं। दूसरी बात यह कि बाजार के अप्रत्याशित रूप से बैठ जाने की स्थिति में इन्हीं छोटी बचत योजनाओं में लगा पैसा इकॉनमी का सहारा भी बनता है। इसलिए बेहतर होगा कि तात्कालिक चुनौतियों से निपटने के लिए छोटी बचत योजनाओं पर कुल्हाड़ी चलाने जैसे उपायों से बचा जाए।

# रामायण में भगवान राम के हैं कई अनोखे रूप



जिगर डी वाढेर

पश्चिम बंगाल में चल रही चुनावी तकरार के बीच पिछले दिनों यह सवाल भी उठा कि भगवान राम और मां दुर्गा में कौन श्रेष्ठ है। राजनीति की दुनिया के अपने तर्क होते हैं। यहां होने वाले सवाल-जवाब भी उससे अप्रभावित नहीं रहते। इसलिए राजनीति को उसके हाल पर छोड़कर इस प्रकरण को देखें तो इससे राम और दुर्गा जैसे देवी-देवताओं की भारतीय जनमानस में गहरी पैठ का प्रमाण तो मिलता ही है।

रामायण की मूल कथा यह है कि राम ने कैसे रावण का वध किया और धर्म की स्थापना की। किंतु इसके अनगिनत आख्यान हैं।

वाल्मीकि ने सबसे पहले रामायण की रचना की और 'आदि कवि' के रूप में जाने गए। बाद में इसकी अनगिनत अनुकृतियां हुईं। वाल्मीकि रामायण के कुछ अध्यायों में बीच-बीच में राम को अवतार बताया गया, लेकिन यहां उनका चित्रण एक महान राजकुमार के रूप में ही है। इसके कई शताब्दी बाद कंबन ने तमिल में रामकथा लिखी। वाल्मीकि रामायण दक्षिण भारत में छठी-सातवीं सदी में भी लोकप्रिय और पूज्य थी क्योंकि अल्वार (वैष्णव संत) इस कथा के आधार पर विष्णु की प्रशंसा में गीत गाते थे। यानी तब राम को अवतार मान लिया गया था। वाल्मीकि के प्रति कंबन आभार तो जताते हैं, लेकिन उनकी रामायण में राम को ईश्वर का दर्जा मिला हुआ है। वह यह भी कहते हैं कि राम के किसी भी कार्य के लिए कोई सफाई नहीं देंगे, क्योंकि वह भगवान हैं। जबकि वाल्मीकि राम के हर कार्य के लिए सफाई देते हैं क्योंकि उनके राम आदर्श पुरुष हैं।

तमिल में प्रेमलीला की सशक्त परंपरा भी है। संगम साहित्य में भरपूर रोमांस है। इसलिए कंबन की रामकथा में राम और सीता पहले एक-दूसरे से प्यार के बंधन में बंधते हैं। वह रावण के रूप एक एंटी-हीरो भी तैयार करते हैं, जिसमें आध्यात्मिक शक्ति के साथ शैतानी अहंकार है। फिर तमिल परंपरा के अनुरूप वह राम के व्यक्तित्व में प्रेम और साहस भी जोड़ देते हैं। इसके कई सदी बाद तुलसीदास ने राम को विष्णु के अवतार के रूप में प्रस्तुत किया। लेकिन उन्होंने राम को मर्यादा पुरुषोत्तम की भूमिका में भी बनाए रखा। क्या आप जानते हैं कि अद्भुत रामायण में कहानी कौन सा नया मोड़ लेती है? जब राज्याभिषेक के बाद संत राम का यशोगान करते हैं, तो सीता हंस पड़ती हैं। जब उनसे हंसने का कारण पूछा जाता है तो वह राम से कहती हैं कि उन्होंने केवल दशानन का वध किया है, उसका भाई सहस्रानन अभी भी जीवित है। यह सुनते ही राम सहस्रानन पर हमला करते हैं, लेकिन वह भगवान की पूरी फौज को एक शर से अयोध्या वापस भेज देता है। वहां सिर्फ राम और सीता बचते हैं। राम अचेत हो जाते हैं और सीता काली का रूप धारण कर सहस्रानन का वध करती हैं। विमूल सूरी ने प्राकृत में जैन रामायण पामाचरिऊ लिखी है। इसमें रावण का वध लक्ष्मण करते हैं, राम नहीं। राम का सिंहासन छीन लिया जाता है और रंक राम पत्नी सीता के साथ निर्वासन में जीते हैं। रावण सीता का अपहरण करता है और लक्ष्मण, सुग्रीव उन्हें वापस लाते हैं। इसके बाद लक्ष्मण रावण को मारते हैं और दोनों नरक जाते हैं, जबकि राम जैन संत बन जाते हैं और उन्हें मोक्ष प्राप्त होता है। सीता साध्वी बन जाती हैं और स्वर्ग जाती हैं। बौद्ध रामायण दशरथ जातक में दशरथ की राजधानी बनारस है और कहानी बिल्कुल अलग है क्योंकि यहां रावण के साथ कोई युद्ध नहीं होता। कन्नड़ रूपांतर में तो सीता रावण की पुत्री हैं।

बांग्ला में कृतिवास ने लंका कांड में 'अकालबोधन' का अध्याय बड़ी खूबसूरती से जोड़ा। राम ने रावण के सभी दस सिरों को काट डाला। फिर भी रावण उनके निकट खड़ा रहा। तब राम ने अर्द्धचंद्र वाण से रावण के शरीर को ऊपर से नीचे तक दो बराबर हिस्सों में विभक्त कर दिया। किंतु ब्रह्मा के वरदान से रावण पुन: जीवित हो गया। रावण के तीरों से राम स्वयं बुरी तरह घायल हो गए, इसके बावजूद उन्होंने रावण का सिर सौ बार धड़ से अलग किया। किंतु कटा सर दोबारा ऐसे जुड़ जाता था, गोया कुछ हुआ ही न हो। रावण ने अंबिका (दुर्गा) की आराधना की, जिन्होंने उन्हें अभयदान दिया। देवी रावण के रथ पर सवार हो गईं, जिससे राम उद्वेलित हो गए। तब सभी देवी-देवताओं ने विष्णु से सलाह मांगी। उन्होंने राम को चंडी (दुर्गा) पूजा कर उनका आशीर्वाद लेने को कहा। राम ने मनोयोग से दुर्गा की आराधना की, लेकिन देवी प्रसन्न नहीं हुईं। तब विभीषण ने सुझाव दिया कि देवी पर 108 नीलकमल अर्पित किए जाएं।

राम ने हनुमान को देबीदाहा भेज कर नीलकमल मंगवाए। वही एकमात्र स्थान था, जहां यह मिलता था। हनुमान तो 108 नीलकमल ले आए, परंतु देवी ने उनमें से एक छुपा दिया। पूजा के मध्य में राम को अहसास हुआ कि एक नीलकमल कम है। आखिर उन्होंने 108वें पुष्प की जगह अपनी एक आंख निकालकर अर्पण करने का निर्णय किया, क्योंकि उनकी आंखें नीलकमल के समान थीं। जैसे ही वह आंख निकालने को हुए, वैसे ही देवी प्रकट हुईं और वरदान दिया कि रावण वध में वह मदद करेंगी। तब राम ने षष्ठी को पूजा प्रारंभ की, दुर्गा अष्टमी को प्रकट हुईं। अष्टमी और नवमी के मिलन बिंदु पर वह राम के तीर में प्रवेश कर गईं और दशमी को रावण का वध हुआ। कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की चर्चित कृति 'राम की शक्ति पूजा' में भी राम की इस आराधना का वर्णन है।

# बंगाल चुनाव में असर दिखाता 'टॉम'



भूपेन्द्र पटेल

कई साल पहले बिल्कुल एक नए शब्द से परिचय हुआ था- टॉम (TOM)। वह अखबार से जुड़ी एक बिजनेस मीट थी, वहीं पर यह शब्द मेरे सामने आया था। मैं समझ नहीं पाया था कि यह TOM क्या होता है। फिर बताया गया कि TOM, यानी टॉप ऑफ मांइड। जो जेहन में सबसे ऊपर हो। चूंकि वह अखबार से जुड़ी मीट थी, इसलिए उसको समझाने के लिए अखबारी उदाहरण ही दिया गया, जैसे कि कोई आपसे कहे कि आप अखबारों के नाम बताएं, तो आप सबसे पहले जिस अखबार का नाम लेते हैं, वह एक तरह से 'टॉम' हुआ। यह बात सिर्फ अखबार से जुड़ी नहीं होती, बल्कि इसका ताल्लुक किसी भी दूसरी चीज से हो सकता है। आम के नाम बताइए, मिठाई के नाम बताइए, शहर के नाम बताइए, दोस्त के नाम बताइए। जिसका भी नाम सबसे पहले जुबान पर आए, वही टॉम है। यह भी बताया गया था कि यह जो टॉम होता है, वह एक दिन में नहीं बनता।

यह एक लीगेसी जैसा होता है। अब जैसे उस मीट में मुझसे आम के नाम बताने को कहा गया, तो पहला नाम जो मेरी जुबान से निकला, वह था दशहरी। लखनऊ के लोग कहीं भी रहें, उनके लिए आम का मतलब तो दशहरी ही होता है।

बहरहाल करीब सवा दो सौ शब्द पढ़ लेने के बाद भी आप आज यह समझ नहीं पा रहे होंगे कि एक पॉलिटिकल कॉलम में 'टॉम' की कहानी बताने का क्या मतलब हो सकता है। दरअसल, मैं पिछले एक हफ्ते से बंगाल में हूं, चुनावी मौसम में बंगाल के रुझान का अंदाजा लगाने की कोशिश में हूं, उसी कोशिश में मुझे यहां 'टॉम' दिखा। यह 'टॉम' बंगाल के नतीजों को बहुत ज्यादा प्रभावित करता दिख रहा है, और मुझे बरसों पहले की वह बिजनेस मीट याद आ गई, जब पहली बार मैं 'टॉम' से परिचित हुआ था।

## जुड़ें हैं अपनी जड़ों से

कहने को तो बंगाल, बांग्ला भाषियों का राज्य है, लेकिन यहां हिंदी एक आम भाषा की तरह बोली और सुनी जा सकती है। वजह यह है कि यहां यूपी, बिहार, झारखंड, राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों से आए और पीढ़ियों से बसे लोगों की तादाद काफी हो चुकी है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बंगाल में सवा करोड़ से ज्यादा हिंदी भाषी रह रहे हैं, जिनमें से तीन-चौथाई बंगाल की मतदाता सूची में बतौर वोटर दर्ज हैं।

अगर आप कोलकाता के सबसे बड़े बिजनेस वाले इलाके बड़ा बाजार में दाखिल होते हैं, तो यह महसूस होगा कि जैसे आप किसी हिंदी भाषी राज्य के बाजार में आ गए हैं। कोलकाता के अलावा नॉर्थ 24 परगना, पुरुलिया, आसनसोल, सिलीगुड़ी, खड़गपुर और दुर्गापुर में भी हिंदी भाषी राज्यों के लोगों की तादाद इतनी हो चुकी है कि वे वहां के चुनावी नतीजों को प्रभावित करने का दमखम रखने लगे हैं।

वे लोग भले ही अब बंगाल में रच-बस गए हों, लेकिन उनकी जड़ें आज भी अपने मूल राज्य से जुड़ी हुई हैं। उनके परिवार के दूसरे सदस्य, उनके रिश्तेदार अभी भी वहीं रहते हैं, इसलिए उनके जेहन में उनका मूल राज्य ही बसा है। लेफ्ट या टीएमसी से उनका वैसा राब्ता नहीं बन पाया है, जैसा अपने राज्य की पार्टियों से बना हुआ है।

उनको लेकर वे इस तरह बात करते हैं, जैसे उन पार्टियों का हिस्सा हों। अपने राज्य के नेताओं से अच्छी तरह परिचित हैं। उनसे जुड़े तमाम किस्से उनके पास हैं। राज्यों में रह रहे उनके परिवार के सदस्य उन्हीं पार्टियों को वोट भी डालते हैं। चूंकि ज्यादातर हिंदी भाषी राज्यों में इन दिनों बीजेपी का दबदबा है, इस वजह से बंगाल में भी हिंदी भाषियों के बीच बीजेपी का ही दबदबा दिखाई पड़ रहा है।

## कुछ ऐसा बोले हिंदी भाषी

अरुण उपाध्याय बक्सर के रहने वाले हैं, पिछले 33 सालों से बंगाल में रह रहे हैं। पूछा किसको वोट दोगे तो कहने लगे, 'छुपाना क्या, बिहार में पूरा खानदान भाजपाई है, बंगाल में रहकर मैं कम्युनिस्ट तो हो नहीं जाऊंगा, बीजेपी को ही देता हूं, इस बार भी उसी को दूंगा।'

यूपी के आजमगढ़ जिले के रहने वाले अजीत यादव नया बाजार में सड़क के किनारे कपड़े बेचते हैं। हमने पूछा क्या चल रहा है तो बोले, बीजेपी जीत रही है। हमने कहा कि तुम तो अखिलेश यादव के इलाके से हो और अखिलेश यादव टीएमसी को वोट डालने को बोल रहे हैं, तो कहने लगे कि समाजवादी पार्टी अगर यहां होती तो उसको ही वोट कर देते, लेकिन वह तो लड़ नहीं रही। संदीप मंडल झारखंड के रहने वाले हैं, पिछले कई सालों से टैक्सी चला रहे हैं, बंगाल के वोटर बन चुके हैं। उनसे पूछा किसको जितवा रहे हो, तो बोले, बीजेपी जीत रही है।

पार्क स्ट्रीट पर एक साड़ी की दुकान पर काम करने वाले कई कर्मचारी बनारस के मूल निवासी मिल गए। बताने लगे, हावड़ा में रहते हैं। 'चुनाव में कौन जीत रहा है' के सवाल पर बोले, बनारस का हूं, आप खुद ही समझ लो कि चुनाव में क्या चल रहा होगा?

हिंदी भाषी वोटरों के बढ़ते दबदबे और उनके रुझान को ममता बनर्जी ने काफी पहले से समझना शुरू कर दिया था। उन्होंने हिंदी भाषी वोटरों को ध्यान में रखकर पिछले कुछ महीनों में फैसले भी लिए। उन्होंने राज्य में एक हिंदी विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है।

अपनी पार्टी में हिंदी सेल गठित किया है, जिसका काम ही हिंदी भाषी लोगों से नियमित संवाद करने का है।

बंगाल हिंदी समिति को पुनर्गठित करते करते हुए हिंदी भाषी लोगों में प्रभावी कई लोगों को शामिल किया। छठ पूजा पर दो दिन की सरकारी छुट्टी भी घोषित कर दी है। अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन तक का समर्थन भी जुटाया है, लेकिन बात बनती दिख नहीं रही है। यह धारणा काम कर रही है कि दीदी को दस साल हो गए, एक बार किसी और को मौका देकर देखा जाए।

# मुंबई में 600 इमारतें सील, महाराष्ट्र में दो दिन में होगा लॉकडाउन का फैसला

मुंबई, महाराष्ट्र में कोरोना की दूसरी लहर फिर से लॉकडाउन की ओर बढ़ रही है और सीएम उद्धव ठाकरे ने अगले दो दिन में इस पर फैसला लेने की बात कही है। महामारी के चलते मुंबई में करीब 600 इमारतें अब तक सील की जा चुकी हैं। पुणे में आज से शाम 6 से सुबह 6 बजे तक 12 घंटे का कर्फ्यू लगाया जाएगा। इस दौरान ट्रैवल, रेस्तरां में डाइन इन, बार और वीकली मार्केट पर प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक स्थल और सिनेमा घर भी अगले 7 दिनों बंद रहेंगे। पुणे में आज से 12 घंटे का कर्फ्यू पुणे में कोरोना के मामलों में तेजी देखते हुए आज से 12 घंटे का कर्फ्यू लगाया जा रहा है। पुणे में शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बार, रेस्तरां और होटल अगले 7 दिन के लिए बंद रहेंगे, सिर्फ डिलिवरी सेवा जारी रहेगी। आज से पुणे के होटल में टेक-अवे और होम डिलिवरी सर्विस शुरू हो गई है। डाइन इन की अनुमति नहीं होगी। एक ग्राहक का कहना है कि सरकार सही कर रही है। इससे कोरोना के बढ़ रहे मामलों में नियंत्रण होगा। शहर के सभी धार्मिक स्थलों को 9 अप्रैल तक बंद रखा गया है। इस दौरान श्रीमंत दग्दुशेठ हलवई गणपति मंदिर में लोगों ने बाहर से हाथ जोड़कर प्रार्थना की। पुणे में क्या-क्या रहेगा बंद पुणे में चलने वाली बस सेवा को भी 7 दिनों तक बंद रखने का फैसला किया गया है। इस दौरान सभी राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रम भी बंद रहेंगे। पहले से तय शादी समारोह में सिर्फ 50 लोग ही शामिल हो सकते हैं जबकि अंतिम संस्कार में 20 लोगों की अनुमति होगी। दोपहर के दौरान धारा 144 शहर में एक हफ्ते तक लागू रहेगी। 7 दिन बाद हालात का जायजा लेकर आगे फैसला लिया जाएगा। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों




के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 30 अप्रैल तक सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। मुंबई में लग्जरी अपार्टमेंट से आ रहे केस साउथ मुंबई की कई गगनचुंबी इमारतों को गाइडलाइन का उल्लंघन करने के कारण लॉक कर दिया। टोनी कफ परेड स्थित लग्जरी अपार्टमेंट जॉली मेकर-1 के 25 मंजिला ए विंग और मेकर टॉवर 2 को शुक्रवार को सील कर दिया गया। इससे पहले नेपेयन सी रोड स्थित एंबेसी अपार्टमेंट में 23 कोरोना केस मिलने के बाद मंगलवार को इसे भी सील कर दिया गया। बीएमसी अधिकारी का कहना कि वह पूरी विंग को सील करके कोविड प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। अब तक 600 इमारतें सील मुंबई में अब तक 600 इमारतें सील हो चुकी हैं। यानी इन इमारतों से कोई बाहर नहीं जा सकता और न ही अंदर जा सकता है। सिर्फ विशेष स्थिति में ही अनुमति मिलेगी। सारे जरूरी सामान की डिलिवरी गेट पर होगी। इमारतों को 14 दिन के लिए सील किया गया है।

2 दिन में होगा लॉकडाउन का फैसला उधर महाराष्ट्र में बढ़ते कोरोना मरीजों को देखते हुए अगले 2 दिन में लॉकडाउन लगाने का फैसला किया जा सकता है। सीएम उद्धव ठाकरे ने इसे लेकर चेतावनी दी। उन्होंने शुक्रवार रात को राज्य को संबोधित करते हुए कहा, 'कोरोना संक्रमण पहले से ज्यादा बढ़ गया है और लॉकडाउन की संभावनाएं खत्म नहीं हुई हैं।' उद्धव ने कहा, 'हम लगातार विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर रहे हैं। अगले 2 दिन में राजनीतिक पार्टियों और अन्य महत्वपूर्ण लोगों से इस पर चर्चा कर फैसला लेंगे।' उद्धव ठाकरे की अपील जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से बाहर न निकलें। बिना मतलब यहां-वहां न घूमें भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें मास्क जरूर लगाएं

दूसरों से दूरी बनाए रखें महाराष्ट्र में 47,827 रेकॉर्ड मरीज मिले

शुक्रवार को मुंबई में 8832 और राज्य में 47,827 रेकॉर्ड नए मरीज मिले। मुंबई में 20 और महाराष्ट्र में 202 मरीजों की मौत हो गई। मुंबई में दादर और माहिम नए हॉटस्पॉट बन गए हैं। हालांकि कोविड डेथ ऑडिट कमिटी के अध्यक्ष डॉ. अविनाश सुपे ने बताया कि बढ़ते मरीजों के साथ मौत की संख्या भी बढ़ेगी, लेकिन मृत्यु दर नहीं बढ़ेगी। 'दूसरी लहर के लिए युवा जिम्मेदार' बीएमसी का मानना है कि कोरोना की दूसरी लहर के लिए काफी हद तक युवाओं की लापरवाही जिम्मेदार है। कुल कोरोना केसों में 30 से 39 वर्ष के बीच के युवा 18 फीसदी और 59 वर्ष से कम उम्र वाले 73 फीसदी हैं। मुंबई में अब तक के कुल 4,23,360 कोरोना मरीजों में से 75,872 मरीज 30 से 39 वर्ष की उम्र के मिले हैं। इनमें से 64 फीसदी पुरुष और 36 फीसदी महिलाएं शामिल हैं।

## मुंबई में फिर से बंद हो सकते हैं मॉल और मंदिर, मेयर किशोरी पेडनेकर ने दिए संकेत



महाराष्ट्र में फिर से बंद हो सकते हैं मंदिर और मॉल, मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने इस बात के संकेत दिए हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य में सरकार कुछ नए और कठोर कदम उठा सकती है। किशोरी पेडनेकर ने बताया कि राज्य सरकार की नई एसओपी में कुछ नए और कठोर कदम शामिल किए जा सकते हैं। जिनके मुताबिक अंतिम संस्कार में सिर्फ 20 लोगों को ही आने की इजाजत होगी। जबकि शादी समारोह में 50 से ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकेंगे। वहीं दुकानों पर भीड़ ना जुटने पर पाए इस बात की जिम्मेदारी दुकानदार की होगी। हर दूसरे दिन दुकाने खोली जा सकेंगी। लोकल ट्रेन में भी सिर्फ अत्यावश्यक सेवा से जुड़े लोगों को आने-जाने की अनुमति होगी। वहीं राज्य सरकार दफ्तरों में आने की बजाए वर्क फ्रॉम होम करने पर ज्यादा ध्यान ज्यादा जोर देगी। बीते 24 घंटों में महाराष्ट्र के अंदर कोरोना मरीजों के 43 हज़ार183 नए मामले सामने आए हैं।जबकि 249 लोगों की मौत हुई है। वहीं मुंबई शहर में भी 8 हज़ार 646 कोरोना के मामले सामने आए हैं। जबकि 18 मरीजों की मौत हुई है।

## पालघर की बोइसर एमआईडीसी की कंपनी में ब्लास्ट

मुंबई से सटे पालघर जिले की बोइसर तारापुर एमआईडीसी में स्थित एक केमिकल कंपनी में शनिवार सुबह अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। इस आग में 2 मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि यह आग बजाज हेल्थ केयर प्लॉट नंबर एन-128 पर बनी केमिकल कंपनी में हुआ था। फिलहाल आग को बुझाने के लिए दमकल विभाग के कर्मचारी मशक्कत कर रहे हैं। आग में फंसे 50 मजदूरों को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित कंपनी से बाहर निकाल कर दूसरी जगह शिफ्ट किया है। बताया जा रहा है कि आग आब लगभग नियंत्रण में आ चुकी है। पालघर की इस एमआईडीसी में आग लगने घटनाएं अक्सर सुनने में आती हैं। ऐसी घटनाओं की वजह से इन फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की जान हमेशा मुश्किलों में ही रहती है। आपको बता दें कि पालघर एमआईडीसी में ज्यादातर कंपनियों नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं।

## 6 गाड़ियां हुईं रद्द, जानिए किस-किस रुट की हैं वे ट्रेन



नागपुर। नागपुर-काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के कोल्नूर व पोटकापल्ली रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी रेल एवं विद्युतिकरण का कार्य 11 से 24 अप्रैल तक किया जाएगा।

इससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 6 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें 9, 16 व 23 अप्रैल को यशवंतपुर से चलने वाली ट्रेन क्र. 02251 यशवंतपुर-कोरबा स्पेशल ट्रेन, 11, 18 व 25 अप्रैल को कोरबा से चलने वाली ट्रेन क्र. 02252 कोरबा-यशवंतपुर, 20 अप्रैल को सिकंदराबाद से चलने वाली ट्रेन क्र. 07007 सिकंदराबाद-दरभंगा स्पेशल ट्रेन, 23 अप्रैल को दरभंगा से चलने वाली ट्रेन क्र. 07008 स्पेशल ट्रेन, 12, 16, 19 व 23 अप्रैल को कोच्चुवेली से चलने वाली ट्रेन क्र. 02648 काच्चुवेली-कोरबा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन व 14, 17, 21 व 24 अप्रैल को कोरबा से चलने वाली ट्रेन क्र. 02647 कोरबा-कोच्चुवेली स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

## पवार को लेकर जिंदल के बयान पर भड़की एनसीपी, बीजेपी के मीडिया प्रमुख ने लगाए गंभीर आरोप



मुंबई, दिल्ली में बैठे बीजेपी के मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने एनसीपी शरद पवार के अस्पताल में भर्ती होने पर ट्वीट किया जिसकी खबर एनसीपी नेता व ग्रामीण विकास मंत्री हसन मुश्रीफ ने कोल्हापुर से ली। मुश्रीफ ने बीजेपी नेताओं से तीन दिन में माफी मांगने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। जिंदल ने क्या कहा था? दिल्ली बीजेपी मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने 29 मार्च को ट्वीट किया कि 'एंटीलिया मामले के आरोपी निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाझे ने जांच एजेंसी एनआईए के सामने ऐसा क्या खुलासा कर दिया कि पवार को अचानक इतना तेज पेट दर्द उठ गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। ऐसा लग रहा है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी की पूरी दाल ही काली है।' जिंदल ने कहा कि पवार के पेट में अचानक दर्द होने की खबर से ऐसा क्यों लग रहा है कि बंगाल से पहले खेला महाराष्ट्र में होने वाला है। मुश्रीफ की चेतावनी मुंबई में बैठे एनसीपी नेताओं को नवीन जिंदल के बयान की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन कोल्हापुर में बैठे ग्रामीण विकास मंत्री हसन मुश्रीफ ने चेतावनी भरा बयान जारी किया है। मुश्रीफ ने कहा कि जिंदल ने पवार की बीमारी को मुंबई पुलिस के निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाझे के मामले से जोड़ा है। उनका बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं उनके बयान की निंदा करता हूं। बीजेपी नेताओं को जिंदल के बयान का संज्ञान लेते हुए खेद प्रकट करना चाहिए।

आगे मुश्रीफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसी महिला के पीछे पड़े हैं। दोनों को शायद समय नहीं मिला होगा, लेकिन महाराष्ट्र के नेता देवेंद्र फडणवीस को इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जिंदल का बयान बीजेपी पर भारी पड़ेगा। उन्हें एनसीपी की भारी नाराजगी झेलने पड़ेगी।

## एक फ्लैट कई ग्राहकों को बेचना बिल्डरों को पड़ेगा महंगा

मुंबई, बिल्डरों द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसे भी कई मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें बिल्डर एक फ्लैट एक से अधिक ग्राहकों को बेच देते हैं। बिल्डरों की इस धोखाधड़ी की वजह से कई बार ग्राहकों की जीवन भर की कमाई फंस जाती है। घर खरीददारों के हितों की रक्षा के लिए गृह निर्माण विभाग ने रेरा कानून में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक फ्लैट को कई लोगों को बेचने वाले बिल्डरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान रेरा कानून के तहत करने की योजना पर गृह निर्माण विभाग काम कर रहा है। गृहनिर्माण मंत्री जितेंद्र आव्हाड के अनुसार, बिल्डरों द्वारा ग्राहकों के साथ वादाखिलाफी और धोखाधड़ी के मामले लगातार आ रहे हैं। इनमें एक घर कई लोगों के बेचने के मामले प्रमुख हैं। ऐसे में रेरा कानून को और सख्त करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत एक फ्लैट को एक से अधिक ग्राहकों को बेचने वाले बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रावधान किया जाएगा। रेरा के पास सीमित अधिकार होने के कारण अब तक बिल्डर कानूनी काईवाई से बचते रहते थे। हाउंसिंग ऐंड रेरा कमिटी ऑफ बिल्डर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया ने गृह निर्माण विभाग के निर्णय का स्वागत किया है। असोसिएशन के चेयरपर्सन आनंद गुप्ता ने कहा है कि रेरा कानून के अस्तित्व में आने के बाद धोखाधड़ी के मामलों में कमी आई है। तकनीक के इस दौर में ग्राहक घर खरीदने से पहले ऑनलाइन तरीके से भी घर कब और कितने लोगों को बेचा गया है, इसकी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## संजय राउत पर भारी पड़े अरविंद सावंत?



मुंबई, शिवसेना के सांसद और नेता संजय राउत फिलहाल अपने बड़े बड़बोलेपन की वजह से पार्टी आलाकमान के निशाने पर हैं। आलाकमान की नाराजगी इस बात से भी समझी जा सकती है कि अब तक शिवसेना में संजय राऊत का एक अलग रुतबा था और उन्हें पार्टी ने मुख्य प्रवक्ता भी बनाया हुआ था। हालांकि अब उनके समकक्ष शिवसेना के दूसरे सांसद अरविंद सावंत को भी मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। महाराष्ट्र की राजनीति के जानकार इसे संजय राउत का डिमोशन मान रहे हैं। सियासी गलियारों में यह कहा जा रहा है कि राउत के बड़बोलेपन की वजह से पार्टी को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा है। राउत के बयानों की वजह से कई बार शिवसेना को बैकफुट पर भी आना पड़ा है। आज हम आपको राउत के कुछ ऐसे ही बयानों से रूबरू करवाएंगे, जिनके चलते शिवसेना की जमकर किरकिरी भी हुई है। फिलहाल हालात ऐसे हैं कि महाविकास अघाड़ी सरकार में शामिल कांग्रेस और एनसीपी उन्हें फूटी आंख भी देखना पसंद नहीं कर रहे हैं। संजय राउत के कुछ विवादित बयान 1) संजय राउत ने ताजा बयान महाविकास अघाड़ी सरकार के गृह मंत्री अनिल देशमुख को लेकर दिया था। उन्होंने शिवसेना के मुखपत्र सामना में अनिल देशमुख को 'एक्सीडेंटल होम मिनिस्टर' बताया था। जिस पर एनसीपी ने अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर की थी।

2) संजय राउत ने शरद पवार को यूपीए का चेयरमैन बनाए जाने का सुझाव देकर भी शिवसेना की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। इस बात पर कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत नाराजगी जाहिर की थी।

3) संजय राउत ने साल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव आयोग को लेकर विवादित बयान दिया था। राउत ने तब कहा था कि भाड़ में जाए कानून और आचार संहिता, हम सब देख लेंगे।

4) राहुल गांधी पर भी विवादित बयान दे चुके हैं राउत। उन्होंने कहा था कि सावरकर को भारत रत्न देने का विरोध करने वालों को उसी जेल में भेज देना चाहिए। जहां सावरकर को अंग्रेजों ने रखा था ताकि उन्हें उनके संघर्षों का एहसास हो सके। राउत के इस बयान के बाद शिवसेना भी डैमेज कंट्रोल की मुद्रा में आ गई थी और तब मंत्री आदित्य ठाकरे को राउत के बयान से किनारा करना पड़ा था।

5) संजय राउत ने इंदिरा गांधी को लेकर भी आपत्तिजनक बयान दिया था। जिसके बाद कांग्रेस की नाराजगी शिवसेना को उठानी पड़ी थी। राउत ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी अक्सर अंडरवर्ल्ड डॉन करीम लाला से मिलती थीं । राउत ने यह बयान एक इंटरव्यू के दौरान दिया था। हालांकि बाद में विरोध करने पर उन्होंने बयान वापस ले लिया था।

बयानों के चलते वे सुर्खियों में रहते हैं संजय राउत शिवसेना के सांसद और कद्दावर नेता माने जाते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के करीबियों में से एक माना जाता है। हालांकि अपने बयानों के चलते वे सुर्खियों में रहते हैं तो उनकी पार्टी मुसीबतों में। इस बात से बचने के लिए शिवसेना ने अब पार्टी के दूसरे सांसद अरविंद सावंत को भी मुख्य प्रवक्ता बनाया है। महिला सांसद नवनीत राणा को धमका बटोरी सुर्खियां अरविंद सावंत शिवसेना के टिकट पर दक्षिण मुंबई से दूसरी बार सांसद बने हैं। अब पार्टी ने उन्हें मुख्य प्रवक्ता भी बना दिया है। हालांकि इसके पहले भी वह मुख्य प्रवक्ता के पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। आपको बता दें के अरविंद सावंत कुछ दिनों पहले सांसद नवनीत राणा को संसद में कथित रूप से धमकाने के आरोपों के चलते चर्चा में रहे थे

एक मयान में दो तलवारें

अरविंद सावंत और शिवसेना और संजय राऊत दोनों ही शिवसेना के सांसद और अहम नेता माने जाते हैं। अरविंद सावंत इसके पहले मोदी की सरकार में शिवसेना के कोटे से मंत्री भी बनाए गए थे। हालांकि शिवसेना- बीजेपी की तनातनी के दौरान उद्धव ठाकरे के आदेश के बाद उन्होंने तत्काल मंत्री पद भी छोड़ दिया था। वहीं संजय राऊत भी राज्यसभा में शिवसेना के नेता है और अपने मुखर स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। संजय राउत शिवसेना के मुखपत्र सामना के कार्यकारी संपादक भी हैं।

शरद पवार को मनाया था


संजय राउत शिवसेना में उद्धव ठाकरे के मुख्य सलाहकारों में से एक माने जाते हैं। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार को शिवसेना के साथ हाथ मिलाने के लिए राजी करने में भी अहम भूमिका निभाई थी।

## सरकारी अस्पतालों और जंबो सेंटर में 50 प्रतिशत बेड फुल, प्रशासन धीरे-धीरे बफर में रखे बेड को ऐक्टिवेट कर रहा



मुंबई, मुंबई में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस बढ़ती संख्या की वजह से अस्पतालों और जंबो कोविड सेंटर पर भी भार बढ़ने लगा है। हालात यह है कि अभी से ही सरकारी अस्पतालों व जंबो सेंटर के करीब 50 प्रतिशत बेड फुल हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन अब धीरे-धीरे बफर में रखे गए बेड को ऐक्टिवेट कर रहा है। इसके साथ ही होम आइसोलेशन को लेकर बीएमसी ने नई गाइडलाइन्स भी जारी कर दी गई है, जिससे अस्पतालों में भार कम हो सके। बता दें कि मुंबई में कोरोना के नए मामलों के रोजाना रेकॉर्ड टूट रहे हैं। गुरुवार को कोरोना के नए मरीजों की संख्या 9 हजार तक पहुंच गई है। नवंबर-दिसंबर में मरीज कम होने से बीएमसी ने कई कोविड केयर सेंटर को बंद कर दिया था और अस्पतालों में नॉन कोविड मरीजों के लिए ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराए गए, लेकिन फरवरी से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पतालों में भार बढ़ने लगा है। आरक्षित बेड लगभग फुल अंधेरी के सेवन हिल्स, गोरेगाव के नेस्को जंबो सेंटर्स, मुलुंड जंबो सेंटर, बीकेसी, वरली एनएससीआय डोम और केईएम अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए आरक्षित बेड लगभग फुल होते जा रहे हैं। यहां बेड के लिए अभी से कतार लगने लगी है। सेवन हिल्स अस्पताल के डीन डॉ. बाल कृष्ण अडसुल ने बताया कि इस अस्पताल में बीएमसी के 1770 बेड हैं, जिसमें से 1368 बेड पर मरीज भर्ती हैं। आईसीयू के 250 बेड में से 235 बेड पर मरीज भर्ती हैं। यही हाल मुलुंड के जंबो कोविड सेंटर का है। सेंटर के डीन प्रदीप आंग्रे ने बताया कि फिलहाल यहां 1200 बेड में से एक हजार बेड फुल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि यहां जल्द ही और 400 बेड बढ़ाए जाएंगे।

## राणे ने कहा - राज्य में बढ़ रहा है कोरोना और भ्रष्टाचार



मुंबई। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा सांसद नारायण राणे ने कोरोना महामारी के प्रसार को लेकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लॉकडाउन लगाने की धमकी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को खरीद लिया है क्या कि वे धमकी दे रहे हैं? उन्हें मतदाताओं और नागरिकों को धमकी देने का अधिकार किसने दिया है? मुख्यमंत्री को नागरिकों से सम्मान के साथ बात करनी चाहिए। राणे ने कहा कि राज्य में बस कोरोना और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में राणे ने कहा कि कोरोना महामारी शुरू होने पर मुख्यमंत्री ने मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी का नारा दिया था लेकिन मुख्यमंत्री ही यह जिम्मेदारी निभाने में कम पड़ गए हैं क्योंकि उनके परिवार के सदस्य कोरोना संक्रिमत हो गए हैं। मुख्यमंत्री की पत्नि रश्मि ठाकरे और बेटे प्रदेश के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे को कोरोना हुआ है। राणे ने कहा कि राज्य में लॉकडाउन लगाने को लेकर भाजपा का विरोध है।

# गर्मियों में हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए जरूर खाएं ये पांच फल

हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी समस्या है, जो गर्मियों के दिनों में सबसे ज्यादा परेशान करती है। जो लोग इस समस्या से गुजर रहे हैं उनके लिए गर्मियों में इस समस्या को कंट्रोल करना बहुत ही मुश्किल होता है।

नियमित जीवनशैली और खानपान पर ध्यान रखकर इस बीमारी को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। आज हम आपको बता रहे हैं, उन फलों के बारे में जिनके सेवन से हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता ह।



**तरबूज**

यह कम कैलोरी वाला फल मीठा और ताजा होता है।

इसे अपने फलों के सलाद, या जूस के रूप में डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें विटामिन सी और ए, पोटेशियम, अमीनो एसिड, लाइकोपीन, सोडियम और एंटीऑक्सिडेंट से भरा हुआ है जो शरीर को हाई ब्लड प्रेशर से लड़ने में मदद कर सकता है।

**कीवी**

एंटीऑक्सिडेंट और खनिज से भरपूर इस फल में फाइबर, विटामिन सी और फोलेट शामिल होते हैं, जो पाचन में सुधार, इम्यूनिटी को बढ़ावा देने और स्किन के स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद करते हैं।

कीवी रक्तचाप से होने वाली बीमारियों जैसे स्ट्रोक, दिल के दौरे आदि को भी रोक सकते हैं।

**आम**

हम आम से प्यार करते हैं क्योंकि यह स्वादिष्ट होते हैं लेकिन, हाई ब्लड प्रेशर के लिए भी आम एक बेहतरीन फल है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि आम फाइबर और बीटा कैरोटीन का एक बड़ा स्रोत है, दोनों ब्लड प्रेशर को कम करने में प्रभावी हैं।

**केला**

पोटेशियम से भरपूर और सोडियम में कम आहार हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोगों और स्ट्रोक से बचाता है।

केला एक ऐसा फल है, जो पाचन को भी बढ़ावा देता है,



सोनल झालावाड़िया

लोगों को लंबे समय तक पूर्ण महसूस करने में मदद करता है और हाई ब्लड प्रेशर से लड़ने में मदद करता है।

**स्ट्रॉबेरी**

स्ट्रॉबेरी में एंथोसायनिन (एंटी-ऑक्सीडेंट यौगिक), विटामिन सी, पोटेशियम और ओमेगा -3 फैटी एसिड होते हैं, जो हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# खांसी-जुकाम को 3-4 दिनों में ठीक करने के लिए कारगर हैं ये पांच देसी फूड्स

कभी-कभी खांसी और जुकाम को हल्का लेना हमें भारी पड़ सकता है। खासकर जब वैक्सीन के बाद भी कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा हो रहा हो। ऐसे में बदलते मौसम की बीमारियां मानकर खांसी-जुकाम को अनदेखा करना समझदारी नहीं है। इन बीमारियों के चपेट में आते ही कोशिश करनी चाहिए कि घरेलू उपायों या देसी चीजों से इलाज किया जाए।

**अदरक**

अदरक में मौजूद थर्मोजेनिक इफेक्ट हमारे शरीर को कड़कड़ाती ठंड में गर्म रखता है,



वहीं यह बीमारियों से बचाकर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है।

**पालक**

आपको याद होगा विदेशी कार्टून करेक्टर 'पोपाय' देसी पालक खाकर कैसे मजबूत बनता था।इसी तरह आपकी मां ने भी पालक पनीर बनाकर आपको मजबूत बनाने का नुस्खा अपनाया होगा।पालक में विटामिन सी और ए भरपूर मात्रा में होता है।जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार है।

**हल्दी**

गुणकारी हल्दी के बारे में आपने दादी-नानी से सुना होगा।हल्दी में क्यूकिन की मात्रा होती है, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है।

सर्दियों में अपनी डाइट में हल्दी को जरूर शामिल करें।

**नीबू**

विटामिन सी से भरपूर नीबू शरीर में एल्काइन की मात्रा बनाए रखता है, जिससे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**शकरकंदी**

शकरकंदी में कार्बोहाइडेट की प्रचुर मात्रा होती है।फिर भी इस सब्जी को सबसे कम आंका जाता है।

इसे फाइबर का पावर हाउस कहा जाता है।

# क्या मधुमेह के रोगी दालचीनी का सेवन कर सकते हैं ? जानिए क्या होता है इंसुलिन पर इसका प्रभाव

मधुमेह एक जीवन शैली जनित स्वास्थ्य समस्या है, जो असामान्य रूप से हाई ब्लड शुगर को जन्म देती है। यदि इसे नियंत्रित न किया जाए तो यह हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और तंत्रिका क्षति जैसी जटिलताओं को जन्म दे सकता है।

इसके उपचार में अक्सर दवाएं और इंसुलिन इंजेक्शन शामिल होते हैं, लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो हमारे आसपास ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं, जो ब्लड शुगर को नेचुरली कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं। उनमें से ही एक शक्तिशाली फूड है दालचीनी।

दालचीनी ब्लड शुगर को कम करने और डायबिटीज का प्रबंधन करने में मदद करने के साथ ही कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करती है।

आइए जानते हैं डायबिटीज के रोगियों के लिए कैसे फायदेमंद है दालचीनी

**क्या है इसका पोषण मूल्य**

अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार, दालचीनी में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम, विटामिन A जैसे जरूरी विटामिन और मिनरल होते हैं। इसमें विटामिन B और K और एंटीऑक्सीडेंट कोलीन, बीटा-कैरोटीन, अल्फा-कैरोटीन, बीटा-क्रिप्टोक्सैन्थिन, लाइकोपीन, ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन भी होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव तनाव को कम कर सकते हैं और कैंसर, टाइप 2 मधुमेह और कई अन्य स्थितियों को रोकने में मदद कर सकते हैं।

**अब जानिए डायबिटीज में कैसे फायदेमंद है दालचीनी**



डायबिटीज से ग्रसित लोगों में, या तो अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता या कोशिकाएं ठीक से इंसुलिन का जवाब नहीं देतीं, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है।

यह भी पढें: मुंह के छालों से परेशान हैं, तो यहां जानिए आप उनसे कैसे राहत पा सकती हैं

दालचीनी ब्लड शुगर को कम करने, साथ ही इंसुलिन के प्रभाव की नकल करके और कोशिकाओं में ग्लूकोज परिवहन को बढ़ाकर डायबिटीज से लड़ने में मदद कर सकती है। यह इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाकर ब्लड शुगर को कम करने में भी मदद कर सकता है। जिससे यह इंसुलिन कोशिकाओं में ग्लूकोज को स्थानांतरित करने में अधिक कुशल होता है।

सात पुरुषों के एक अध्ययन में दिखाया गया है कि दालचीनी का सेवन करने के तुरंत बाद इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ जाती है। जिसका प्रभाव कम से कम 12 घंटे तक रहता है।

एक अन्य अध्ययन में, आठ पुरुषों ने दालचीनी का सेवन करने पर, दो सप्ताह के बाद इंसुलिन संवेदनशीलता में वृद्धि का प्रदर्शन किया।

जर्नल ऑफ इंटरकल्चरल एथनो फार्माकोलोजी के 25 लोगों के



संजय शर्मा

2016 के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला गया, कि दालचीनी डायबिटीज कंट्रोल करने में लाभ प्रदान कर सकती है। प्रतिभागियों ने 12 सप्ताह तक 1 ग्राम दालचीनी का सेवन किया। नतीजा ब्लड शुगर लेवल में 17 प्रतिशत तक की कमी आई।

दालचीनी कैसे आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करती है

**1. हृदय रोग के जोखिम को कम करती है**

दालचीनी को हृदय रोग के जोखिम को कम करने के लिए माना गया है। जो दुनिया में समय से पहले मौत का सबसे आम कारण है।

टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में, प्रति दिन 1 ग्राम या लगभग आधा चम्मच दालचीनी रक्त मार्करों पर लाभकारी प्रभाव दिखाती है।

# गर्मियों में इन पांच चीजों को खाने से तेजी बढ़ता है आपके शरीर का तापमान

गर्मियों में खाने से ज्यादा पीने पर ध्यान देना चाहिए। आपने यह सेहत से जुड़ी ये पुरानी सलाह तो सुनी ही होगी! इसका मतलब यह है कि गर्मियों में हमारी पाचन शक्ति कुछ धीमी गति से चलती है इसलिए खाना पचने में टाइम लगता है।

इससे बचने के लिए आप नारियल पानी, जूस, जलजीरा, लस्सी जैसी ड्रिंक्स को पी सकते हैं जिससे आपको कम समय में ज्यादा पोषण मिल सके। गर्मी के मौसम में कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें न खाने में ही भलाई है। बीमारियों से बचे रहने के लिए आपको अपनी डाइट में से इन चीजों को निकाल देना चाहिए-

**आइसक्रीम**

गर्मी के मौसम में आइसक्रीम खाने की बात न हो! भला यह कैसे हो सकता है?

लेकिन आपको बता दें कि आइसक्रीम में सबसे ज्यादा शुगर



पाई जाती है जो मोटापा और डायबिटीज को बढ़ाने का काम कर सकती है।

इसके अलावा आइसक्रीम खाने के बाद आपको ज्यादा गर्मी लगेगी।

# आयुर्वेद के अनुसार इन चीजों को एक-साथ खाने से होती हैं स्किन प्रॉब्लम्स

स्किन केयर रूटीन ही नहीं बल्कि हमारा खान-पान भी स्किन प्रॉब्लम्स और एलर्जी के लिए जिम्मेदार होता है। जैसे, आयुर्वेद के अनुसार कुछ ऐसी चीजें बताई गई हैं जिनका सेवन एक-साथ नहीं करना चाहिए। उदाहरण के तौर पर नॉनवेज के साथ दूध से बनी कोई भी चीज नहीं खानी चाहिए। आइए, जानते हैं किन चीजों को एक साथ खाने से बचना चाहिए-

**दूध के साथ ये चीजें खाना हानिकारक**

उड़द की दाल, पनीर, अंडा, मीट

उड़द की दाल खाने के बाद दूध नहीं पीना चाहिए। हरी सब्जिियां और मूली खाने के बाद भी दूध नहीं पीना चाहिए। अंडा, मीट, और पनीर खाने के बाद दूध पीने से बचना चाहिए। इनको एक साथ खाने से डाइजेशन में दिक्कअत आ सकती है।

**दही के साथ न खाएं ये चीजें**



**खट्टे फल**

दही के साथ खासतौर पर खट्टे फल नहीं खाने खहिए। दरअसल, दही और फलों में अलग-अलग एंजाइम होते हैं। इस कारण वे पच नहीं पाते, इसलिए दोनों को साथ लेने की सलाह नहीं दी जाती।

**मछली**

दही की तासीर ठंडी है। उसे किसी भी गर्म चीज के साथ नहीं लेना चाहिए। मछली की तासीर काफी गर्म होती है, इसलिए उसे दही के साथ नहीं खाना चाहिए।

**शहद के साथ क्या न खाएं**

शहद को कभी गर्म करके नहीं खाना चाहिए। चढ़ते हुए बुखार में भी शहद का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे शरीर में पित्त बढ़ता है। शहद और मक्ख न एक साथ नहीं खाना चाहिए। घी और शहद कभी साथ में नहीं खाना चाहिए। यहां तक कि पानी में मिलाकर भी शहद और घी का सेवन नुकसानदेह हो सकता है।



# साप्ताहिक राशि भविष्यफल






**मेष** : मार्च माह जाते-जाते आपकी सारी परेशानियां भी ले जाएगा। अप्रैल माह नई संभावनाओं के द्वार आपके लिए खोल रहा है। अवसरों को पहचानें। नया कार्य-व्यवसाय प्रारंभ करने का सही समय आ गया है। इसमें माता-पिता से आर्थिक सहयोग लेना पड़े तो जरूर लें। भौतिक सुख-सुविधाओं पर भी खर्च करेंगे।



**वृषभ** : बिजनेस में बने हुए उतार-चढ़ाव अप्रैल के शुरुआती दिनों में थम जाएंगे। हिम्मत और धैर्य से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। लेकिन इसके लिए समय का प्रबंधन उचित प्रबंधन और दिमाग खुला रखने की जरूरत है। निजी जीवन में संबंधों को सुधारने के लिए आपको ही प्रयास करने होंगे।




**मिथुन** : इस सप्ताह शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त रहेंगे इससे बहुत से कार्य आपके निर्विघ्न संपन्न होंगे। सफलता पाने के लिए मेहनत अधिक करनी पड़ेगी लेकिन उसका सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त होगा। इस सप्ताह समाज और परिवार में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कोई सम्मान मिल सकता है।




**कर्क** : इस राशि के व्यापारियों के लिए बेहतरीन समय आ रहा है। बिजनेस में बड़ा मुनाफा कमाएंगे। कोई बड़ा अनुबंध भी मिल सकता है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की के योग हैं। कार्य और स्थान में परिवर्तन भी हो सकता है। आपकी रुचि धर्म, अध्यात्म, योग आदि में बढ़ेगी। आर्थिक मामलों के लिए सप्ताह उत्तम है।



**सिंह** : सिंह राशि के जातकों के लिए अप्रैल का पहला सप्ताह आय के साधन बढ़ाने वाला रहेगा। भौतिक वस्तुओं की खरीदारी करेंगे। संपत्ति संबंधी कार्यों में आ रही सारी बाधाएं दूर हो जाएंगी और आप नया भवन, भूमि, खरीदने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। आर्थिक संपन्नता के लिए अब तक जो भी प्रयास आपने किए हैं वे साकार होंगे।



**कन्या** : कन्या राशि के जातकों के लिए सप्ताह शुभ समाचारों से भरा रहेगा। बिजनेस और नौकरीपेशा लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। इससे मन में उत्साह का संचार होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होने से सभी कार्यों में सफलता सुनिश्चित है। प्रेम संबंधों के लिहाज से भी सप्ताह उत्तम रहेगा। युवाओं को अच्छे जॉब ऑफर आएंगे।




**तुला** : यह सप्ताह थोड़ा खर्चीला रहेगा। पारिवारिक जरूरतों पर खर्च होगा। किसी को पैसा उधार भी देना पड़ सकता है। दोस्तों की आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। स्वयं के रोग पर भी खर्च होने की स्थिति बन सकती है इसलिए सावधान रहें, सेहत से खिलवाड़ न करें। इस सप्ताह सबसे ज्यादा भागदौड़ नौकरीपेशा को करनी पड़ सकती है।



**वृश्चिक** : अप्रैल का पहला सप्ताह अच्छे अवसर लेकर आ रहा है। आर्थिक, पारिवारिक, सामाजिक, व्यापार, स्वास्थ्य सभी के लिहाज से लाभ के मौके आएंगे। यह सप्ताह पिछले सभी सप्ताहों की परेशानियां दूर कर देगा। आर्थिक संकट का हल निकलने वाला है। नया कार्य प्रारंभ करने के लिए यदि धन की आवश्यकता है तो वह काम भी बन जाएगा।



**धनु** : आपको इस सप्ताह निजी जीवन और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन बनाकर चलना होगा। परिवार को वक्त देना बहुत जरूरी होगा। नौकरीपेशा और व्यापारियों को काम के साथ परिवार की जरूरतों पर भी ध्यान देना होगा। नया कार्य इस सप्ताह प्रारंभ ना करें तो ही बेहतर रहेगा।



**मकर** : आपके ग्रह कहते हैं इस सप्ताह अवसर तो आपको बहुत मिलेंगे लेकिन आप अपने आलस्य के कारण उन्हें गंवा देंगे। कार्यों में सफलता सुनिश्चित है लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करने होंगे। नौकरी, बिजनेस में सफलता के लिए आपको धैर्य रखना होगा। प्रेम संबंधों के लिहाज से सप्ताह उत्तम है।



**कुंभ** : सप्ताह उल्लास से भरा रहेगा। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास की जरूरत नहीं रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को अपने कार्यस्थल पर अधीनस्थों का सहयोग मिलेगा। यदि आप नेत्र रोगी हैं तो छोटी से छोटी परेशानी में भी डॉक्टर को जरूर दिखाएं। निजी रिश्तों में तनाव पैदा हो सकता है ।



**मीन** : इस सप्ताह मांगलिक कार्यों में जाने का अवसर आएगा। प्रोफेशनल कार्यों से यात्राएं करना पड़ेंगी। नए कार्य व्यवसाय को लेकर योजनाएं बनेंगी लेकिन उनके इस सप्ताह पूरे होने की उम्मीद कम ही है। जीवनसाथी के साथ ही परिवार के बुजुर्गों को समय जरूर दें। संतानपक्ष के कार्यों को सराहना और सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।





**कौन कहता है लड़कियां अपनी गलती नहीं मानतीं मेरी वाली तो रोज मानती है, कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके**



पापा - एक काम ढंग से नहीं करता
बेटा - सॉरी पापा
पापा - गधा देखा है तूने?
बेटा - हां
पापा - वैसी ही शक्ल है तेरी
बेटा - पर मम्मी तो कहती है कि तू पापा जैसा दिखता है

एक लड़का और लड़की कार में डेट पर गए...



लड़का - मैं आज तक तुमसे एक बात छुपा रहा हूं।
लड़की - क्या?
लड़का - मैं शादीशुदा हूं
लड़की - तुमने तो डरा ही दिया था, मुझे लगा कि बीएमडब्ल्यू कार तुम्हारी नहीं है

# नीतीश सरकार की पहल, दिल में छेद वाले बच्चों का होगा मुफ्त इलाज, 21 बच्चों को भेजा गुजरात

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हृदय रोग (दिल में छेद) से ग्रसित 21 चयनित बच्चों को इलाज के लिए शुक्रवार को अहमदाबाद रवाना किया। ये बच्चे अपने अभिभावक के साथ हवाई जहाज से रवाना हुए। बाल हृदय योजना के तहत ऐसे बच्चों के मुफ्त इलाज का प्रावधान सात निश्चय पार्ट-2 में किया गया है। इसकी शुक्रवार से शुरुआत हो गई।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी बच्चे के हृदय में छेद हो जाता है तो किसी को जानकारी रहती नहीं है। बाद में कुछ उम्र के बाद बच्चों को कई तरह की कठिनाई होने लगती है। इसको



ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने निर्णय लिया कि बच्चों की जांच कराएंगे और उनका मुफ्त में इलाज कराएंगे। बिहार में आईजीआईसी और आईजीआईएमएस में अभी इनकी जांच की जा रही है और जल्द ही इलाज भी यहां शुरू होगा। राज्य के अन्य जगहों पर भी इलाज इसका होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद के निजी अस्पताल के साथ करार हुआ है। उस अस्पताल में देश के अनेक राज्यों के बच्चों का मुफ्त इलाज होता है, लेकिन अस्पताल आने-जाने और वहां रहने आदि का जो खर्च होगा, वह राज्य सरकार देगी। अभिभावक का भी। ये बच्चे पूरा इलाज कराने के बाद लौटेंगे तो मीडिया से उनकी बात कराएंगे। इलाज के बाद कैसा असर हुआ, बच्चे बताएंगे। अभी हम सभी बच्चों को देख रहे हैं। कुछ चार-पांच साल के तो कई 10 साल से अधिक उम्र के भी हैं। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एक साल में एक हजार ऐसे बच्चों का इलाज कराया जाएगा। मौके पर शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत आदि उपस्थित थे।

# युवक ने व्यापारी के रसोइए को चाकू मारा, पिस्टल से मैगजीन नीचे गिरी

गोंडा में लूटपाट के इरादे से आए युवक ने व्यापारी के रसोइये पर चाकू से हमला कर दिया। व्यापारी के विरोध करने पर पिस्टल से फायर कर दिया मगर हड़बड़ी में पिस्टल की मैगजीन नीचे गिर गई जिससे व्यापारी की जान बच गई। मामला कस्बा खरगूपुर का है जहां के निवासी रमेश रस्तोगी के कपड़े की दुकान पर शनिवार सुबह 6 बजे एक युवक युवती साड़ी खरीदने के बहाने पहुंचे।महिला साड़ी देखने लगी तब तक युवक ने अन्दर जाकर रसोइया संगम लाल पर



चाकू से हमला कर दिया।

उसके चीख पुकार सुनकर जब व्यापारी अंदर पहुंचे तो युवक ने पिस्टल निकाल कर व्यापारी पर फायर कर दिया।सौभाग्य से पिस्टल की मैग्जीन नीचे गिर गई जिससे उनकी जान बच गई। दुकान में हलचल देख कर जब तक लोग पहुंचते आरोपी युवक व युवती आराम से चले गए। बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज में युवक दस्ताना पहने हुए था और पिस्टल भी बाहर दिख रही थी। उसके कपडों पर खून लगा था। घायल रसोइये को गंभीर हालत में गोण्डा रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर फारेंसिक टीम ने मैग्जीन और घटना स्थल की जांच की है।

क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मी कांत गौतम और उपजिलाधिकारी सदर ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल और फुटेज की जाँच करके आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। व्यापारी ने रिंकू मिश्रा पुत्र राम नरेश निवासी छिटनापुर थाना खरगूपुर वअज्ञात युवती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

# बनारस में रहने वाली बुआ ने किया अपने भतीजे का अपहरण, मां ने दर्ज कराई एफआईआर




स्थानीय थाना क्षेत्र के नैना कोण गांव से गुरुवार को एक आठ वर्षीय बालक का अपहरण हो गया। नैना कोण गांव की सोनम देवी के पुत्र माधव त्रिगुण के अपहरण की प्राथमिक थाना में दर्ज हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अपहृत बालक की मां ने प्राथमिकी में अपनी ननद और उसके पुत्र के अलावा अन्य परिजनों को नामजद अभियुक्त बनाया है। प्राथमिकी के मुताबिक सोनम देवी की ननद पूनम देवी यूपी के वाराणसी से सटे रामनगर में रहती है। जहां पहले उसका पुत्र माधव त्रिगुण रहकर पढ़ाई करता था। उसके बाद जब माधव अपनी मां के पास आ गया, तो उसकी बुआ पूनम अपने बेटे प्रीतम पांडेय तथा सास निर्मला देवी के साथ नैना कोण आयी और उसे बहला-फुसलाकर चुपके से अपने साथ ले गई। इसीलिए सोनम देवी ने उन सबको नामजद अभियुक्त बनाया है। कहा जाता है कि जब सोनम देवी ने ननद से अपने बेटे के बारे में पूछताछ की तो उसने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। माधव की मां को यह आशंका सता रही है कि उसके बेटे माधव त्रिगुण के साथ कुछ अनहोनी हो सकती है। थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कार्रवाई में जुट गई है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद इस अपहरण केस की गुत्थी सुलझेगी।

# मध्य प्रदेश: फसल में लगी आग से दुखी होकर किसान ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

गेहूं की खड़ी फसल के जलने से परेशान एक किसान ने कीटनाशक पीकर मध्य प्रदेश के दमोह में आत्महत्या कर ली है। मृतक किसान की पहचान दमोह के चिल्लौद गांव निवासी बेदीलाल अहिरवार (55) के रूप में हुई है। कथित तौर पर उसने खेत में एक हाई-टेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग में उसकी खड़ी गेहूं की फसल जल जाने के बाद परेशान था।"

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक पथरिया से रामबाई सिंह ने गांव का दौरा किया। पीड़ित किसानों तक पहुंचते हुए,



बुधवार रात कीटनाशक पी लिया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के सदस्यों में से एक, पप्पू अहिरवार ने कहा, "अहिरवार उन्होंने कहा, "मैंने इस मुद्दे के बारे में केंद्रीय कृषि मंत्री और जिले से बात की है। पीड़ित किसानों को जल्द ही मुआवजा दिया जाएगा।"

# बांका में घर में लगी आग में सो रहे 4 साल के मासूम बच्चे की झुलसकर मौत



बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र के लाल मठिया गांव में शनिवार को आग लगने से जहां एक घर जलकर पूरी तरह राख हो गया वहीं घर में सो रहे 4 वर्षीय बच्चे की झुलसकर मौत हो गई। मृतक गांव के ही दिनेश यादव का 4 वर्षीय पुत्र अमन कुमार बताया जाता है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि घर में किसी कारण आग लग गई इस दौरान घर में सो रहे हैं बच्चे को लोग बाहर नहीं निकाल पाए तथा बच्चे की झुलस कर मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इधर घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया तथा पुलिस मौके पर पहुंची। दिनेश यादव के बेटे की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। मालूम हो कि शुक्रवार को जिले के धोरैया प्रखंड के बबुरा गांव में आग लगने से एक ही परिवार के तीन बच्चे की झुलस कर मौत हो गई थी।

# बाल सुधार गृह के शौचालय की खिड़की तोड़कर फरार हुआ बंदी, रिमांड होम सुरक्षा की खुली पोल

शहर के धनुपरा स्थित बाल सुधार गृह से एक बंदी फरार हो गया। गुरुवार की रात शौचालय का रोशनदान तोड़ वह भाग निकला। फरार बाल बंदी बक्सर जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। शुक्रवार की सुबह बंदी के भागने की सूचना से रिमांड होम प्रशासन सकते में आ गया। काफी खोजबीन के बाद भी बंदी का कोई सुराग नहीं मिला।

इसे लेकर रिमांड होम प्रशासन द्वारा टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। इधर, बाल बंदी के भागने की खबर से रिमांड होम की सुरक्षा की पोल खुल गयी है। हालांकि आरा रिमांड होम से बंदियों के भागने की यह कोई पहली घटना नहीं है। पहले भी कई बार बंदी भाग चुके हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात सभी बंदी खाने के बाद सो गये थे।

इस दौरान वार्ड तीन में रहने वाला बंदी देर रात को शौचालय का रोशनदान तोड़कर भाग निकला। शुक्रवार की सुबह वार्ड खुलने पर कर्मियों को बंदी भागने की भनक लगी। उससे रिमांड होम के कर्मियों के हाथ-पांव फूलने लगे। आनन-फानन में बंदी की खोज शुरू कर दी गयी, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

सोते रह गये गार्ड व कर्मी, रोशनदान तोड़ फरार हो गया बाल बंदी



सुधार गृह में रहने वाले बाल बंदी का भागना रिमांड होम की सुरक्षा में तैनात गार्ड और कर्मियों पर भारी पड़ गया। इधर गार्ड और कर्मी सोते रह गये, उधर बंदी भाग निकला। इससे बाल सुधार गृह की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि रात में बंदी शौचालय जाता है। रोशनदान तोड़ता है और भाग जाता है। लेकिन गार्ड और किसी भी कर्मी को भनक तक नहीं लग पाती है। बता दें कि इससे पहले भी सुधार गृह से बंदी भाग चुके हैं। इतना ही नहीं सुधार गृह में मारपीट और अप्राकृतिक यौनाचार जैसी घटनायें भी हो चुकी हैं।

# हजारीबाग: बरही में खड़े ट्रक से टकराई कार, झुमरी तिलैया के युवा स्वर्ण व्यवसायी की मौत

जीटी रोड पर पंचमाधव के पास कार दुर्घटना में झुमरी तिलैया के स्वर्ण व्यवसायी की मौत हो गई जबकि चालक समेत कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि झुमरी तिलैया के चंद्रकांत सोनी (40 वर्ष) मारुति स्विफ्ट कार से कोलकाता स्थित अपनी ससुराल से दो रिश्तेदारों के साथ वापस अपने घर झुमरीतिलैया लौट रहे थे। कार कानपुर निवासी चालक पवन कुमार चला रहा था। बरही से पहले पंचमाधव के पास सुबह करीब छह बजे उनकी कार सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही चंद्रकांत सोनी की मौत हो गई जबकि कानपुर के लालबंगला निवासी रिश्तेदार रूप किशोर उम्र (60), उनके पुत्र श्याम किशोर (37) और चालक पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर बरही



थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को 108 एंबुलेंस से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया जबकि चंद्रकांत सोनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। चंद्रकांत अपने माता-पिता के एकलौते पुत्र थे। उनके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। इस हादसे से परिजनों और झुमरी तिलैया के कारोबार जगत में शोक की लहर व्याप्त है।

# कानपुर में कबाड़ गोदाम में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग

कानपुर में चकेरी क्षेत्र स्थित कोयला नगर में शनिवार को कबाड़ के गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों से इलाके में दहशत फैल गइ। मौके पर पहुंची दमकल की एक दर्जन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग की चपेट में गोदाम के बाहर स्थित अंग्रेजी शराब का ठेका भी आ गया। जिससे वहां पर सेल्समैन की खड़ी बाइक भी जल गई। आग की लपटों से घिरे आवासीय इलाके के लोगों की जान सांसत में रही।

कोयला नगर चौकी के पास मंजीत सिंह के प्लाट में कोयला



नगर निवासी मेवा लाल का कबाड़ का गोदाम है। वहीं इसी प्लाट में बाहर की ओर गोविंद नगर निवासी अनिल कुमार का अंग्रेजी शराब ठेका है। नौबस्ता निवासी सेल्स मैन प्रमोद कुमार ने बताया कि शार्ट सर्किट से गोदाम के बाहर पड़े कबाड़ में आग लगी। आग की लपटों ने ठेके समेत पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया। ठेके के बाहर खड़ी सेल्समैन की बाइक भी जल गई।आग लगने पर गोदाम में कबाड़ के छटाई कर रहे लगभग 20 मजदूरों में भगदड़ मच गई। आग की लपटों से गोदाम के आस पास समेत पीछे स्थित सीओडी कॉलोनी में भी दहशत फैल गयी। इलाके के लोगों ने दमकल को सूचना दी। आग बड़ी होने के चलते मीरपुर, जाजमऊ, फजलगंज, लाटूश रोड फायर स्टेशन से करीब एक दर्जन दमकल गाड़ियां पहुंची। करीब तीन घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**अगल बगल के गोदाम भी कराए खाली**

कबाड़ गोदाम के पीछे कोयले का गोदाम है। रिहायशी इलाके के बीच मे कबाड़ के बड़े गोदाम संचालित होते है। आग लग जाये तो बुझानी मुशिकल हो जायेगी।

# एक्सपोर्टर के घर से करोड़ों की ज्वेलरी चोरी का पर्दाफ़ाश, 25 लाख के जेवर के साथ चोर की मां गिरफ्तार

दिल्ली के एक एक्सपोर्टर के घर से करोड़ों के सोने के जेवरात चोरी होने का पर्दाफाश शुक्रवार को हुआ। शुक्रवार को तकरीबन 25 लाख कीमत के सोने के जेवरात के साथ चोर की मां प्रमिला देवी को दिल्ली और जमुआ पुलिस ने संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जमुआ थाना में जमुआ पुलिस इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह और जमुआ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास की उपस्थिति में एक प्रेसवार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

पूरे इन्वेस्टिगेशन का नेतृत्व कर रहे दिल्ली पुलिस के एसआई अशोक कुमार मीणा ने बताया कि दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत विहार थाना कांड संख्या 35/21 में आईपीसी की धारा 381/411/34 के तहत जमुआ थाना अंतर्गत पोबी पंचायत के बरवाडीह निवासी



प्रमिला देवी को आज जमुआ थाना के ही चुंगलो गांव से चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसे गिरिडीह न्यायालय में उपस्थित कर ट्रांजिट डिमांड पर दिल्ली ले जाना है।

**सोशल मीडिया पर पोस्ट ने शक को गहरा किया**

बताया कि वसंत बिहार थाना क्षेत्र के शिकायतकर्ता पीड़ित एक्सपोर्टर राहुल राणा के अनुसार 11 फरवरी को इनके घर काम करनेवाला नौकर अनिल कुमार अपने पिता की बीमारी का हवाला देकर गायब हो गया। घर में लगभग पच्चीस किलो सोना रखा हुआ था, जिसमें 2.6 किलो सोना(तकरीबन सवा करोड़) गायब मिला। छह फरवरी को ही पीड़ित न्यू कस्टम हाउस से 25.4 किलो सोना छुड़ाकर घर लाए थे। राहुल के अनुसार उसका नौकर अपने घर झारखण्ड आने के बाद नई-नई गाड़ियों व नये घर के साथ सोशल मीडिया में अपना फोटो डालने लगा जिससे मुझे सोना गायब को लेकर अपने नौकर पर शक हुआ। अनिल कुमार (21) जमुआ थाना अंतर्गत पोबी पंचायत के बरवाडीह निवासी किशोरी राम का पुत्र है। 23 फरवरी को राहुल वसंत बिहार थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। बताया मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी राकेश दीक्षित वसंत विहार थाने के एसएचओ रवि शंकर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिसमें मैं एसआई अशोक कुमार मीणा, हेड कांस्टेबल श्रीकांत, हेड कांस्टेबल सतपाल, कांस्टेबल मुकेश संपत, सुशील, नरेश, साहिल, रामकिशन और महिला कांस्टेबल सुमन, बबली को शामिल किया गया।

**दिन रात एक कर कई जिलों में दबिश दी**

एसआई अशोक राणा ने बताया कि हमलोग फरवरी में हीं अनिल की खोज में झारखण्ड आये और अनिल को गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर उसके मौसा के घर से गिरफ्तार किया।

# रजिस्ट्रेशन में देरी के चलते बिहार के मेडिकल कॉलेजों की दाखिला प्रक्रिया में होगी देरी



बिहार के मेडिकल कॉलेजों में नामांकन में एक बार फिर विलंब होगा। कोरोना की वजह से अभी देश की तमाम परीक्षाएं विलंब से हो रही हैं। इस कारण इसे ट्रैक पर लाना मुश्किल होता दिख रहा है। इस बार नीट की परीक्षा एक अगस्त को होगी। इधर, एनटीए की ओर से अभी तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। हालांकि उम्मीद है कि जल्द रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। इसके लिए एक माह का समय दिया जाएगा। नीट का रिजल्ट कम से कम 15 से 20 दिनों में आएगा। ऐसी स्थिति में देशभर के मेडिकल कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया सितंबर में शुरू होगी। पहले दो राउंड केंद्रीय कोटे के तहत नामांकन होगा।

फिर मापअप राउंड होगा। इसमें में पूरा एक माह लगता है।

इसके बाद ही राज्य के मेडिकल कॉलेजों में नामांकन संभव है। बिहार से लगभग 70 से 80 हजार छात्र नीट की परीक्षा में शामिल होते हैं।

यहां लगभग 1150 सीटें हैं। स्टेट कोटा की सीटें 950 के आसपास हैं।

# SPORTS खेल जगत

## मुंबई में कोरोना का कहर, इस शहर में शिफ्ट हो सकते हैं IPL 2021 के मैच



मुंबई में कोविड-19 के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी तथा वानखेड़े स्टेडियम के 10 कर्मचारियों और प्रतियोगिता प्रबंधन से जुड़े छह सदस्यों के इस घातक वायरस से पॉजीटिव पाये जाने के बावजूद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को 10 से 25 अप्रैल के बीच इस शहर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के आयोजन की उम्मीद है। कोरोवा वायरस की स्थिति यदि नियंत्रण से बाहर चली जाती है तो फिर इंदौर और हैदराबाद को आईपीएल के 'स्टैंड बाई स्थान के रूप में रखा गया है। मुंबई को इस धनाढ्य लीग के 10 मैचों की मेजबानी करनी है।

महाराष्ट्र में शुक्रवार को 47000 मामले दर्ज किये गये और वहां संभावित लॉकडाउन की स्थिति नजर आ रही है।

इसके अलावा आयोजक वानखेड़े स्टेडियम के कर्मचारियों के कोविड-19 के लिये पॉजीटिव पाये जाने से भी चिंतित हैं। यही नहीं प्रतियोगिता प्रबंधन दल के छह सदस्यों का टेस्ट भी पॉजीटिव आया है और उन्हें भी क्वारंटाइन पर भेज दिया गया है।

## दिल्ली कैपिटल्स से मुंबई में जुड़े ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ, 7 दिन तक रहेंगे क्वारंटाइन में



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपन फ्रैंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गए हैं और वह सात दिनों तक अनिवार्य कड़े क्वारंटाइन में रहेंगे। इस 31 साल के बल्लेबाज को राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम से रिलीज किया था। फरवरी में आईपीएल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 2.2 करोड़ रुपये की बोली के साथ उन्हें टीम से जोड़ा था।

फ्रैंचाइजी ने 'गेटवे ऑफ इंडिया' के साथ उनकी फोटो को साझा करते हुए लिखा, 'एक तस्वीर में दो शानदार चीजें, डीसी (दिल्ली कैपिटल्स) परिवार में आपका स्वागत है स्टीव स्मिथ।' टीम ने शिविर में पहले से ही अपनी प्रैक्टिस शुरू कर दी है।

स्मिथ और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस 10 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच से पहले मुश्किल से ही प्रैक्टिस कर पाएंगे। दोनो एक सप्ताह तक कड़े क्वारंटाइन में रहेंगे।

स्मिथ 2019 राजस्थान रॉयल्स फ्रैंचाइजी से जुड़े थे और उन्होंने 2020 में यूएई में इस आईपीएल टीम की अगुवाई की थी।

उनकी कप्तानी में राजस्थान की टीम आखिरी पायदान पर रही थी।

## IPL 2021 शुरू होने में अब बस कुछ दिन ही बाकी, देखें हिन्दी में इसका पूरा शेड्यूल और टाइमिंग



पिछले साल कोरोना वायरस की वजह से आईपीएल 2020 के यूएई में होने के बाद इस साल इस टूर्नामेंट का आयोजन वापस भारत में ही हो रहा है।

टूर्नामेंट का आगाज 9 अप्रैल से चेन्नई में होगा, जिसमें मौजूदा और पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर आमने-सामने होंगे।

यह मैच शाम को 07:30 बजे शुरू होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 30 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैदान पर हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज और पांच मैचों की टी-20 खेली गई थी।

बीसीसीआई के मुताबिक, इस बार लीग चरण में प्रत्येक टीम चार स्थलों पर खेलेगी। लीग चरण में कुल 56 मैच होंगे जिनमें से चेन्नई, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु 10-10 जबकि अहमदाबाद और दिल्ली आठ-आठ मैचों की मेजबानी करेंगे। इसमें कहा गया है कि इस आईपीएल की एक विशेषता यह होगी कि सभी मैच तटस्थ स्थलों पर खेले जाएंगे तथा कोई भी टीम अपने घरेलू मैदान पर नहीं खेलेगी।

सभी टीमें लीग चरण में छह स्थानों में से चार में खेलेगी।

इस सीज़न में सभी टीमों को हर हाल में 90 मिनट में 20 ओवर खत्म करने होंगे। इसका मतलब है कि एक पारी के लिए टीम को 90 मिनट मिलेंगे, इसमें स्ट्रैटेजिक टाइम आउट के पांच मिनट भी शामिल होंगे। साथ ही इस साल सॉफ्ट सिग्नल नियम भी नहीं होगा।

इसके अलावा पिछले सीज़न में हुए विवाद को देखते हुए इस बार बीसीसीआई ने शॉर्ट रन चेक करने की जिम्मेदारी भी तीसरे अंपायर को सौंप दी है।

## दिल्ली कैपिटल्स को लगा तगड़ा झटका, अक्षर पटेल कोरोना पॉजिटिव निकले



दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2021 शुरू होने से पहले तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलने वाले स्पिनर अक्षर पटेल कोरोना पॉजिटिव निकले हैं। आईपीएल नौ अप्रैल से शुरू होने वाला है। ऐसे में टीम के लिए बुरी खबर आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर चोट की वजह से पहले ही आईपीएल 2021 से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अक्षर पटेल को कोरोना पॉजिटिव निकलने से टीम पर दोहरी मार पड़ी है।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों ने इसकी पुष्टि कर दी है। सूत्रों के मुताबिक अक्षर पटेल आईसोलेशन में चले गए हैं और सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अक्षर पटेल कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाड़ी नितीश राणा के बाद कोविड पॉजिटिव निकलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। 22 मार्च को नीतीश राणा का कोविड टेस्ट किया गया था जो पॉजिटिव था।

## तेज गेंदबाज उमेश यादव ने बताया, अगले कितने साल और खेल सकते हैं क्रिकेट




भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने कहा कि वह अगले दो से तीन साल तक खेल सकते हैं और साथ ही वह जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में मैच विजेता प्रदर्शन करना चाहते हैं।

उमेश ने अपने करियर में अब तक 48 टेस्ट मैच खेले हैं। वह ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह के साथ भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा रहे हैं।

पिछले तीन सालों में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उमेश की प्रतिस्पर्धा के कारण प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की नहीं रही जो कि मोहम्मद सिराज के आने से अधिक कड़ी हो गई है।

उमेश ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा,

'मैं अभी 33 साल का हूं और मैं जानता हूं कि मैं ज्यादा से ज्यादा अगले दो या तीन साल तक अपने शरीर को खेल के लायक फिट रख सकता हूं। इसके अलावा कुछ युवा खिलाड़ी भी आ रहे हैं। यह अच्छा है क्योंकि आखिर में इससे टीम को ही लाभ होता है।'

# देश परदेश

## भारत की दरियादिली: अनजाने में सीमा पार कर गया था पाकिस्तानी बच्चा, BSF ने चॉकलेट देकर वतन वापस भेजा



सीमा पर तैनात भारतीय जवानों ने फिर एकबार दरियादिली दिखायी है। बाड़मेर में आठ साल के एक पाकिस्तानी बच्चा अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार कर भारत में प्रवेश कर गया। बॉर्डर की निगरानी कर रहे बीएसएफ के जवानों ने तुरंत उसे पाकिस्तान को वापस सौंप दिया।

बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल एमएल गर्ग ने इसकी पुष्टि की है। गर्ग ने कहा कि शुक्रवार शाम लगभग 5.20 बजे एक 8 वर्षीय बच्चा अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर बीएसएफ की 83 वीं बटालियन के BoP सोमरत के बॉर्डर पिलर नंबर 888/2-S के पास भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया था। उन्होंने कहा कि जब बीएसएफ के जवानों ने उन्हें पकड़ा तो वह डर गया और रोने लगा। बीएसएफ जवान ने उसे शांत करने की कोशिश की और उसे खाने के लिए कुछर चॉकलेट दिए। बीएसएफ के अनुसार, बच्चे की पहचान पाकिस्तान के नगर पारकर के रहने वाले यमनू खान के बेटे करीम के रूप में हुई।

गर्ग ने कहा कि उन्होंने पाक रेंजरों के साथ एक फ्लैग मीटिंग बुलाई और उन्हें नाबालिग के पार होने की जानकारी दी। इसके बाद करीब 7.15 बजे बच्चे को वापस पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप दिया गया।

आपको बता दें कि भारत ने कई मौकों पर दरियादिली की मिशाल पेश की है, लेकिन पाकिस्तान का रवैया ठीक नहीं रहा है। बाड़मेर के ही बिजराड़ थाना क्षेत्र का 19 वर्षीय युवक गेमाराम मेघवाल पिछले साल 4 नवंबर को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गया था, लेकिन पाकिस्तान ने उसे अभी तक भारत को नहीं सौंपा है।

## मुस्लिम धर्मगुरु और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना वली रहमानी का निधन



मुस्लिम धर्मगुरु और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना वली रहमानी का निधन हो गया है। मौलाना वली रहमानी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पिछले हफ्ते ही उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने ट्वीट कर निधन की जानकारी दी है। बोर्ड ने अपने ट्वीट में लिखा है 'जनरल सेक्रेटरी मौलाना वली रहमानी साहब नहीं रहे, यह पूरे मुस्लिम उम्मा के लिए एक अपूरणीय क्षति है, सभी से दुआओं और सब्र की गुजारिश है।' इस ट्वीट से कुछ देर पहले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने एक ट्वीट किया था लोगों से मौलाना वली रहमानी के लिए दुआ करने की अपील की थी। ट्वीट में बताया गया था कि मौलाना वली रहमानी को पिछले हफ्ते तबीयत खराब हो जाने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी हालत में कुछ सुधार नहीं आया है। इसके ट्वीट के कुछ देर बोर्ड ने एक और ट्वीट कर मौलाना के निधन की जानकारी दी।

## भारत के आंतरिक मामलों में 'अमेरिका की चुप्पी' पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल, US एक्सपर्ट से की शिकायत



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के अंबेसडर निकोलस बर्न्स के साथ वर्चुअल वीडियो मीटिंग में भाजपा की सरकार पर देश की संस्थागत ढांचे पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाया और शिकायती लहजे में भारत में हो रही घटनाओं को लेकर अमेरिका की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। निकोलस बर्न्स के साथ बातचीत में राहुल गांधी ने सवाल किया कि भारत में जो कुछ हो रहा है, उस पर अमेरिकी संस्थानों की ओर से कुछ सुनने को नहीं मिलता।

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा कि भारत में क्या हो रहा है, इस बारे में मुझे अमेरिकी प्रतिष्ठान से कुछ भी सुनने को नहीं मिला। अगर आप लोकतंत्र की साझेदारी की बात कर रहे हैं तो भारत में जो कुछ घट रहा है, उस पर अमेरिका क्यों नहीं बोलता। मेरा मतलब है कि यहां जो चल रहा है उस पर आपका (निकोलस बर्न्स) क्या विचार है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं मूल रूप से मानता हूं कि अमेरिका एक गहन विचार है। स्वतंत्रता का विचार जिस तरह से आपके संविधान में निहित है वह एक बहुत शक्तिशाली विचार है मगर आपको उस विचार का बचाव करना चाहिए। यही असली सवाल है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में संस्थागत ढांचे पर सत्तापक्ष की तरफ से पूरी तरह कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि निष्पक्ष राजनीतिक मुकाबला सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार संस्थाएं अपेक्षित सहयोग नहीं दे रही हैं।

कांग्रेस की चुनावी असफलता और आगे की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा, 'हम आज ऐसी अलग स्थिति में हैं जहां वो संस्थाएं हमारी रक्षा नहीं कर पा रही हैं जिन्हें हमारी रक्षा करनी है। जिन संस्थाओं को निष्पक्ष राजनीतिक मुकाबले के लिए सहयोग देना है वो अब ऐसा नहीं कर रही हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष की तरफ से संस्थागत ढांचे पर पूरी तरह कब्जा कर लिया गया है।

इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि सत्तापक्ष से लोगों का मोहभंग हो रहा है और यह कांग्रेस के लिए एक अवसर भी है। कोरोना संकट और लॉकडाउन के असर पर कांग्रेस नेता ने कहा, 'मैंने लॉकडाउन की शुरुआत में कहा था कि शक्ति का विकेंद्रीकरण किया जाए... लेकिन कुछ महीने बाद केंद्र सरकार की समझ में आया, तब तक नुकसान हो चुका था।'

## कर्नाटक: दूसरे धर्म की लड़की के साथ बस में सफर करने पर युवक की पिटाई, चाकू से किया वार, पुलिस ने अब 4 लोगों को किया गिरफ्तार



कर्नाटक में दूसरे धर्म की लड़की के साथ सफर करने पर एक 23 साल के युवक को बेरहमी से पीटा गया और उसपर चाकू से वार किया गया। अब पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मेंगलुरु से बेंगलुरु जा रही बस का है। मेंगलुरु पुलिस कमिश्नर शशि कुमार ने आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी।


खबर के मुताबिक, पीड़ित युवक और युवती एक अप्रैल को बस से सफर कर रहे थे। रात साढ़े 9 बजे के आसपास बस को रोका गया और दोनों को बस से नीचे उतारा गया। युवक-युवती क्सालमेट भी हैं। बस से नीचे उतारने के बाद युवक को पीटा गया और जब लड़की ने उसे बचाना चाहा तो उसे भी चोट पहुंचाई गई।

पुलिस के मुताबिक, चार लोग गाड़ी से आए थे और उन्होंने बस को रुकवाया।

लड़के को पीटा और उसके पिछले हिस्से में चाकू से वार किया। पीड़ित युवक अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर है।'

पुलिस ने बताया कि लड़की बेंगलुरु जा रही थी और उसका दोस्त उसकी मदद के लिए साथ जा रहा था। वे दोनों एक ही क्लास में पढ़ते हैं। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह पीड़ित को पिछले कई साल से जानती है। इस केस में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच के लिए एसीपी की अगुवाई में विशेष टीम गठित की गई है।

## कर्नाटक: एक ही स्कूल के 26 स्टूडेंट निकले कोरोना पॉजिटिव, बंद किया गया



कर्नाटक के देवानगर मे एक हाई स्कूल में शनिवार को 26 छात्र कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इसके बाद स्कूल को बंद कर दिया गया है। कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को वायरस को फैलने से रोकने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत छठी से नौवीं तक के लिए स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

कर्नाटक में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच जिम, स्विमिंग पूलों को बंद कर दिया गया है। राज्य में रैली, धरना वगैरह पर भी प्रतिबंध है और सिनेमा हॉल भी 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ही खोले जा सकते हैं।

बेंगलुरु शहरी-ग्रामीणी सहित मैसूर, कलबुर्गी, दक्षिण कन्नड़, उडुपी, बीदर और हुबली-धारवाड़ी में पब, बार, क्लबों, रेस्तरां आदि में भी 50 प्रतिशत से ज्यादा क्षमता में ग्राहक नहीं जा सकते।

बीते 24 घंटे में कर्नाटक में कोरोना वायरस के 3 हजार 354 नए मामले आए हैं। इस दौरान कोरोना वायरस के 1 हजार 631 मरीज ठीक भी हो गए हैं। वहीं, बीते 24 घंटों में कोरोना से 6 लोगों की मौत हुई है।

# निर्देशक क्रितिक कुमार की फिल्म "दिल्ली कांड" का ट्रेलर हुआ लॉन्च




दिल्ली में हुए कई रेप कांड पर बेस्ड एक फीचर फिल्म "दिल्ली कांड" का ट्रेलर आज मुम्बई के सिनेपोलिस थिएटर में लॉच किया गया।

लेखक निर्देशक और निर्माता क्रितिक कुमार की इस फिल्म का ट्रेलर जी म्यूज़िक द्वारा रिलीज किया गया है। यह फ़िल्म 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यहां निर्देशक कृतिक कुमार, ऐक्ट्रेस काशवी कंचन, प्रितिका चौहान औऱ शाहबाज बवेजा मौजूद थे।

फ़िल्म के लेखक, निर्देशक और निर्माता क्रितिक कुमार ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि फ़िल्म के ट्रेलर से आप को लग रहा है कि यह फिल्म निर्भया केस पर बेस्ड है लेकिन असल मे यह सिनेमा देश में होने वाली रेप की सभी घटनाओं पर बेस्ड है।

अब तक गैंग रेप केस की इन्वेस्टिगेशन कई फिल्मों में दिखाई गई है जबकि हमने इस फिल्म में बस के अंदर क्या हुआ था, कैसे हुआ था, यह दिखाया है।

साथ ही एक लड़की पर क्या गुजरती है, उसे कितने दर्द सहने पड़ते हैं, उसके घरवालों पर क्या बीतती है, इन तमाम बातों को इसमे दर्शाया गया है।

इस फ़िल्म के माध्यम से हमने यह मैसेज देने की कोशिश भी की है, कि लोगों को ज़ुल्म, बलात्कार या महिला से छेड़छाड़ के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। लोग मदद करने के लिए आगे नही आते हैं।"

प्रोड्यूसर डायरेक्टर क्रितिक कुमार ने आगे कहा कि फ़िल्म का सेंसर करवाने में मुझे 6-7 महीने लग गए। सेंसर ने मुझे 4 मिनट का रेप सीन रखने को कहा था जबकि मेरी फिल्म में 12 मिनट का सीन था, फिर काफी सीन कट करके 9 मिनट का दृश्य रखा गया।"

फैशन परेड फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई इस फिल्म को 21 स्ट सेंचुरी आर्ट्स ने को प्रोड्युस किया है।

साउथ एक्ट्रेस काशवी कंचन ने इसमें गैंग रेप की शिकार लड़की का रोल प्ले किया है।

फ़िल्म में शाहबाज बवेजा ने रेपिस्ट का चैलेंजिंग रोल।किया है। वीरेंद्र सक्सेना इस फिल्म में रेप की शिकार लड़की के पिता का रोल कर रहे हैं जबकि टीवी ऐक्ट्रेस प्रीतिका चौहान एक जर्नलिस्ट की भूमिका में हैं।

# बेहद शरारती हैं जेनेलिया डिसूजा



जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख सोशल मीडिया पर मजेदार वीडियोज पोस्ट करते हैं। उनकी इंस्टाग्राम रील्स का फैन्स को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब जेनेलिया ने एक ऐसा ही वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह कांची कौल के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं। जेनेलिया के हाथ में चोट है इसके बावजूद उनकी शैतानियों में कमी नहीं हो रही। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**चोट के बावजूद मचाया धमाल**

जेनिलिया और रीतेश बॉलीवुड के क्यूट कपल हैं। दोनों सोशल मीडिया पर अपने फैन्स को खूब एंटरटेन करते हैं। दोनों के साथ में मजेदार वीडियोज उनके इंस्टाग्राम पर हैं। अब जेनेलिया ने टीवी एक्ट्रेस कांची कौल के साथ मजेदार वीडियो पोस्ट किया है। हैरानी की बात ये है कि बीते दिनों जेनेलिया के हाथ मे चोट लगी थी जो कि ठीक नहीं हो पाई है। इसके बाद भी उनके जोश में कोई कमी नहीं दिखाई दी। वीडियो रितेश ने शूट किया है, इसके लिए कॉमेंट बॉक्स में जेनेलिया ने उनको मेंशन करके थैंक यू भी कहा है।

जेनिलिया बीते दिनों स्केटिंग सीखते वक्त गिर गई थीं, जिससे उनके हाथ में चोट आ गई थी। उन्होंने गिरने का वीडियो भी शेयर किया था। वीडियो के साथ पोस्ट में जेनेलिया ने बताया था कि वह बच्चों को कंपनी देने के लिए स्केटिंग सीख रही थीं लेकिन एक्सीडेंट हो गया।

# अमिताभ बच्चन ने कोविड वैक्सिनेशन के बाद साझा किया अनुभव, साइड इफेक्ट का डर है तो जरूर पढ़ें





अमिताभ बच्चन हाल ही में कोरोना वैक्सीन लगवाकर आए हैं। उनके साथ अभिषेक बच्चन को छोड़कर बाकी फैमिली मेंबर्स का भी वैक्सिनेशन हुआ है। कोविड वैक्सीन लगवाने के बाद बिग बी ने लोगों के साथ अपना अनुभव साझा किया है। उनको वैक्सीन पहले ही लगवानी थी लेकिन आंख की सर्जरी की वजह से इसे टालना पड़ा था। उन्होंने कोविड वैक्सीन की पहली डोज ली है।

**बताया क्या-क्या हुईं फॉर्मैलिटीज**

अमिताभ बच्चन ने इस प्रक्रिया के बारे में अपने ब्लॉग में लिखा है, उन्होंने वैक्सिनेशन के लिए मुझे हॉस्पिटल के बिस्तर पर बैठाया, जहां वैक्सीन लगाई जा रही थी। काफी सारा पेपरवर्क और चारों तरफ कई लोग... नाम, पता, मोबाइल, कंसेंट, पिछली मेडिककल हिस्ट्री, आधार कार्ड आधे घंटे तक वहीं बैठा रहा, सबकी फोटो ली... क्या आप उठकर चल सकते हैं, मदद की जरूरत है... ऑल द बेस्ट। अगली डोज आपको 6 हफ्तों के बाद लेनी है। सर्टिफिकेट में सिर्फ 1 दिखेगी, दूसरी के बाद सर्टिफिकेट को वैलिडटी मिल जाएगी।

**लंबे वक्त से चल रही रिसर्च**


अमिताभ बच्चन ने ये भी लिखा कि लोग चिंता में ये भी पूछ रहे हैं कि कुछ दिक्कत तो नहीं हो रही। उन्होंने लिखा है कि सब अच्छा है।

बिग बी लिखते हैं कि वैक्सीन से जुड़ी कई कॉन्ट्रोवर्सीज चल रही हैं कि यह इतनी जल्दी कैसे बन गई, इसके प्रभाव की गारंटी नहीं है, ये अच्छी है और इसमें दिक्कत है... ऐसा क्यों, ऐसा क्यों नहीं, जल्दबाजी क्यों, इंतजार क्यों नहीं करते... नहीं... रिसर्च तो कई साल से चल रही है जबसे सार्स जैसी कई और बीमारियां फैली थीं।

**सावधान और सुरक्षित रहिए**

बिग बी ने लिखा, कोविड तो इसका 19वां स्ट्रेन है, इसलिए रिसर्च में इस बात की जानकारी थी, इसीलिए जल्दी बन गई और इसके बाद आप सेफ रहेंगे। अगर फिर से कोरोना हो जाए... आइसोलेट हो जाइए, सावधानी और सुरक्षा बरतिए... चलने दीजिए...

# बॉलीवुड से सामने आई बुरी खबर, अभिनेता व निर्देशक तारिक शाह का निधन



बॉलीवुड जगत से एक बुरी खबर सामने आ रही है। अभिनेता व निर्देशक तारिक शाह का निधन हो गया है।

तारिक ने मुंबई के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। बता दें कि तारिक शाह अभिनेत्री शोमा आनंद के पति थे और धारावाहिक 'कड़वा सच' और फिल्म 'जनम कुंडली' से उन्हें फेम मिला था। बता दें कि तारिक शाह ने फिल्म बहार आने तक, मुंबई सेंट्रल, एहसास, गुमनाम है कोई आदि से दर्शकों का दिल जीता था। बतौर एक्टर ही नहीं बतौर निर्देशक भी उन्होंने फिल्म जन्म कुंडली, बहार आने तक और कड़वा सच में अपने हुनर का दम दिखाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तारिक शाह करीब बीते दो साल से किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं बीते कुछ वक्त से वो डायलिसिस पर भी थे।

तारिक के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर छा गई है।

# पारस छाबड़ा की एक्स गर्लफ्रेंड आकांक्षा पुरी और सिंगर मीका सिंह ने की शादी? फैन्स दे रहे बधाई

अभिनेत्री आकांक्षा पुरी और सिंगर मीका सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को आकांक्षा ने ही सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो को देखकर फैन्स ऐसे कयास लगा रहे हैं कि दोनों ने शादी कर ली है और बधाई दे रहे हैं।

गुरुद्वारे में बैठे नजर आ रहे हैं आकांक्षा और मीका

दरअसल आकांक्षा पुरी ने जो वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है, उसमें वो गुरुद्वारे में बैठे नजर आ रहे हैं। आकांक्षा पुरी और सिंगर मीका सिंह गुरुद्वारे में बैठे हुए अरदास सुन रहे हैं। वीडियो के कैप्शन में आकांक्षा ने लिखा, 'आशीर्वाद ले रहे हैं' और साथ ही मीका को टैग भी किया।

वीडियो और कैप्शन में बनाया दिल का इमोजी

वीडियो और कैप्शन में आकांक्षा ने दिल का भी इमोजी बनाया है। वीडियो के आखिर में लिखा दिख रहा है- फीलिंग ब्लैस्ड। इसके साथ ही दिल का इमोजी दिख रहा है। मीका ने वीडियो में सफेद रंग की शर्ट पहनी है। वहीं आकांक्षा ने रेड और ग्रे कलर का सूट पहना हुआ है। फैन्स इस वीडियो को देखकर ऐसे कयास लगा रहे हैं कि दोनों ने शादी कर ली है। एक ओर जहां कई फैन्स को लग रहा है कि आकांक्षा और मीका ने शादी कर ली है तो वहीं कई फैन्स का ऐसा भी कहना है



कि ये उनके किसी वीडियो एलबम के शूट के दौरान का है, या फिर दोनों ने प्रैंक किया है।

मीका की गोद में बैठी दिखीं आकांक्षा

गौरतलब है कि हाल ही में मीका और आकांक्षा की एक और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें आकांक्षा सिंगर मीका की गोद में बैठी नजर आ रही थीं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने फैंस को गुड नाइट मैसेज दिया था।

# जब कंगना रनौत ने की दीपिका से लेकर करीना तक की तारीफें, वीडियो शेयर कर पूछा- मेरे खिलाफ गुटबाजी क्यों?



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं, यहां पर वो फैंस के साथ बॉलीवुड इंडस्ट्री से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी राय रखती दिखाई दे जाती हैं। हाल ही में किया गया उनका एक पोस्ट जबरदस्त सुर्खियों में आ गया है। इस पोस्ट के साथ कंगना ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो दीपिका पादुकोण से लेकर करीना कपूर तक कई लीडिंग बॉलीवुड एक्ट्रेसेस की तारीफें करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में कंगना के कई पुराने वीडियोज शामिल किए गए हैं। इसे शेयर करते हुए कंगना ने फैंस और सेलेब्रिटीज से सवाल भी पूछे हैं।

कंगना रनौत के एक फैन ने ट्विटर पर एक वीडियो साथा किया है, जिसमें उनके कई वीडियोज एक के बाद एक मिक्स किए गए हैं। पहले वीडियो से ही कंगना, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर, आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा की तारीफें करती नजर आती हैं। दूसरे वीडियो में वो यहां तक कहती हैं कि करीना ने हम सभी एक्ट्रेसेस के लिए बार हाई कर दिया है। वहीं अगले वीडियो में वो आलिया की जमकर तारीफें करती हैं, इसके अलावा वो कैटरीना और महिला फिल्ममेकर्स का भी जमकर सपोर्ट करती नजर आती हैं।

वहीं ये वीडियो शेयर करते हुए कंगना ने ट्विटर पर लिखा- 'इंडस्ट्री में ऐसी एक भी एक्ट्रेस नहीं है, जिसे मैंने सपोर्ट नहीं किया या तारीफ नहीं की, यहां इसका सबूत है। लेकिन इनमें से किसी ने भी मुझे सपोर्ट और तारीफ नहीं दी। कभी आपने सोचा है क्यों? क्यों ये लोग मेरे खिलाफ गुटबाजी करते हैं? क्यों मेरे काम और मेरे लिए साजिश की जाती है? जरा सोचिए'।

# काजोल ने की 'सेल्फी' वाली प्यारी शिकायत, अजय देवगन ने इस जवाब से जीता दिल



बीते दिन यानी 2 अप्रैल को अजय देवगन का जन्मदिन था। ऐसे में उनके फैन्स के साथ ही साथ कई सितारों ने भी अभिनेता को जन्मदिन की बधाई दी। लेकिन इस खास मौके पर अजय देवगन की पत्नी व अभिनेत्री काजोल का सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा में गया। काजोल ने अजय को काफी अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी।

काजोल ने शेयर की अजय की तस्वीर

दरअसल जन्मदिन पर काजोल ने अजय देवगन की एक फोटो शेयर की। इस फोटो में अजय देवगन कैमरा के डिस्प्ले को देखते नजर आ रहे हैं।

इस फोटो को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे वो सेल्फी रे हे हो। जानकारी के मुताबिक ये फोटो मे डे के शूटिंग के दौरान की है। फोटो में अजय काफी हैंडसम नजर आ रहे हैं।

काजोल की शिकायत

तस्वीर को शेयर करते हुए काजोल ने एक प्यारभरी शिकायत भी की है। काजोल ने लिखा-

'मैंने सेल्फी लेने की कोशिश की लेकिन, जो इकलौती सेल्फी मैं ले पाई वो दूसरे कैमरे के साथ उनकी खुद की तस्वीर है। वही कर रहे हैं, जो उन्हें सबसे ख़ुश रखता है। आज और हमेशा हैप्पी बर्थडे।' काजोल के इस पोस्ट को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।

काजोल की इस प्यार भरी शिकायत का अजय देवगन ने भी काफी प्यारा जवाब दिया।

अजय ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हम जल्द ही वो सेल्फी लेंगे, जिसे अब तक नहीं ले सके हैं।

काजोल के शिकायत के साथ ही अजय के जवाब को भी फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।

गौरतलब है कि जन्मदिन के खास मौके पर अजय को सोशल मीडिया पर कई फैन्स ने जन्मदिन की बधाई दी।

इसके साथ ही बॉलीवुड सेलेब्स ने भी अभिनेता के लिए अपना प्यार जताया। बता दें कि जन्मदिन की रात कुछ फैन्स अजय के घर पहुंचे, जिसके बाद अजय ने उनके साथ केक कट किया।

बता दें कि अजय देवगन जल्दी ही आरआरआर, सूर्यवंशी, मैदान और मेडे में नजर आएंगे।

# 'हिंदी मीडियम' फेम अभिनेत्री सबा कमर ने अजीम खान से खत्म किया रिश्ता, लिखा- 'कड़वी सच्चाईयों का पता चलने में..'



पाकिस्तानी एक्ट्रेस सबा कमर (Saba Qamar) अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से चर्चा में आ गई हैं। सबा कमर ने अजीम खान से दूर होने का फैसला कर लिया है और इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर दी है। सबा के इस पोस्ट को देखकर उनके फैन्स भी हैरान रह गए हैं।

सबा का खास अनाउंसमेंट

सबा कमर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, 'हैलो दोस्तों, मेरे पास आप सभी के लिए एक खास अनाउंसमेंट है। कई सारे निजी कारणों की वजह से मैंने अजीम खान के साथ रिश्ता खत्म करने का फैसला किया है। हम अब शादी नहीं कर रहे हैं। उम्मीद करती हूं आप सभी हमेशा की तरह मेरे इस फैसले को भी सपोर्ट करेंगे।'

कड़वी सच्चाईयों का पता चलने में कभी भी देर नहीं होती

सबा कमर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में आगे लिखा, 'मेरा मानना है कि कड़वी सच्चाईयों का पता चलने में कभी भी देर नहीं होती। मैं हमेशा से एक जरूरी चीज क्लियर करना चाहती थी कि मैं कभी भी अजीम खान से नहीं मिली। हम केवल फोन पर ही जुड़े थे। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल वक्त है। लेकिन जैसा हम जानते हैं यह भी गुजर जाएगा। इंशाअल्लाह, आप सभी को ढेर सारा प्यार।'

अजीम पर लगे थे आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अजीम पर कुछ वक्त पहले एक महिला द्वारा सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोप लगाए गए थे। कहा जाता है कि अजीम ने तब एक वीडियो भी शेयर किया था, लेकिन कुछ देर में ही उसे डिलीट भी कर दिया था।

गौरतलब है कि सबा कमर पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री का एक अच्छा नाम हैं। सबा पाकिस्तानी सिनेमा के साथ ही बॉलीवुड में भी अपना दम दिखा चुकी हैं।

# खतरों की खिलाड़ी नहीं बनेंगी रुबीना



खतरों के खिलाड़ी-११ अब शुरू होने जा रहा है। शो के लिए कई अपडेट्स आते रहते हैं, लेकिन फिलहाल अभी मेकर्स की ओर से किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बहरहाल बिग बॉस के खत्म हो जाने के बाद स्टंट रियलिटी शो में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के नामों के कयास अभी से लगाए जाने लगे हैं। इस सीजन के प्रतियोगियों के लिए कुछ सितारों को नामित किया गया है, जिसमें बिग बॉस-१४ की विनर रहीं रुबीना डिलैक का नाम सामने आने लगा है। इस बारे में उन्होंने खुद ही खुलासा किया है। अभिनेत्री हाल ही में एक सोशल मीडिया सेशन के दौरान पैंâ स से मुखातिब हुईं। इस दौरान एक पैâन ने अभिनेत्री से पूछा कि क्या वह `खतरों के खिलाड़ी' के अलग सीजन में हिस्सा लेंगी? इस पर रुबीना ने कहा कि वह इस शो का हिस्सा नहीं होने वाली।

# संस्थानों की भूमिका-उन्नत भारत अभियान



आर्किटेक्ट धीरज सल्होत्रा
(प्रधान अध्यापक)
ठाकुर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, मुंबई

उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य विकास की चुनौतियों की पहचान करने और स्थायी विकास में तेजी लाने के लिए उपयुक्त समाधानों को विकसित करने के लिए ग्रामीण भारत के लोगों के साथ काम करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों को सक्षम करना है।

इसका उद्देश्य उभरते हुए व्यवसायों के सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की क्षमताओं को उन्नत करके समाज और शैक्षणिक प्रणाली के बीच एक पुण्य चक्र बनाना है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक अभियान है।

कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के कनेक्ट को विकसित करना और कॉलेज के छात्रों को समाज और रूरल क्षेत्र से जोड़ना भी है। मुद्दे पेयजल, स्वच्छता, कृषि, अक्षय ऊर्जा, स्वच्छता और कौशल विकाससे संबंधित हो सकते हैं।

अभियान के तहत, सबसे पहले सभी गांवों का आधारभूत सर्वेक्षण करना हैं। एक बार तैयार होने के बाद, योजना अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएगी। गांवों में बेसलाइन सर्वेक्षण का काम पहले ही शुरू हो चुका है। कई संस्थानों ने कोशिकाओं को स्थापित किया है जो ग्रामीण समुदायों के साथ सक्रिय रूप से संलग्न हैं।



उच्च और तकनीकी संस्थानों द्वारा उठाए गए नेतृत्व में संस्थानों की तकनीकी क्षमता का उपयोग कर रहे हैं। कई प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों ने कार्यक्रम के तहत स्थापित किए गए उद्देश्यों और मिशन को सामने लाने के लिए विभिन्न पहल के माध्यम से योगदान दिया है। UBA १.०- निमंत्रण मोड था, जिसमें प्रतिभागी संस्थानों को यूबीए का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया था। जबकि UBA २.०, उन्नाव भारत अभियान कार्यक्रम का चैलेंज मोड है जहाँ सभी HEI को कम से कम ५ गाँवों को अपनाने के लिए आवश्यक है। वर्तमान में, यूबीए २.० मोड चल रहा है।

छात्र और संकाय की स्व-प्रेरित टीम इसे एक आउटरीच गतिविधि के रूप में पा रही है, जो न केवल ग्रामीण विकास के प्रति छात्रों को जागरूक कर रही है बल्कि नेतृत्व कौशल के लिए भी योगदान दे रही है। छात्रों द्वारा एकत्र सर्वेक्षण हितधारकों से एकत्रित प्रतिक्रिया के आधार पर जमीनी वास्तविकताओं की एक प्रत्यक्ष रिपोर्ट प्रदान कर रहे हैं। आने वाले समय में उच्च और तकनीकी संस्थान आगे बढ़ेंगे और परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में योगदान देंगे।

अधिक जानकारी के लिए आप वेबसाइट (unnatbharatabhiyan.gov.in) पर जा सकते है.

# वझे ने अदालत में फिर कहा- 'मैंने कोई जुर्म कबूल नहीं किया है, मेरे खिलाफ सभी आरोप झूठे हैं'

मुंबई, एंटीलिया विस्फोटक मामले और मनसुख हिरेन हत्या मामले में गिरफ्तार एपीआई सचिन वझे को आज अदालत में एनआईए ने पेश किया। वझे ने अदालत में कहा कि उसने कोई भी जुर्म कबूल नहीं किया है और उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। वझे को 7 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में भेजा गया है। एनआईए (NIA) ने अदालत में बताया कि सचिन वझे का एक जॉइंट अकाउंट डीसीबी बैंक में है। 8 मार्च तक वझे के इस अकाउंट के लॉकर में 26लाख 50 हज़ार रुपए और कई अहम दस्तावेज थे लेकिन अब सब गायब है। वझे को 13 मार्च के दिन गिरफ्तार किया गया था। 30 मार्च को जब एनआईए ने बैंक में मौजूद लॉकर को चेक किया तो सारे पैसे और दस्तावेज गायब थे। जांच में पता चला कि गिरफ्तारी के 4 दिन बाद यानी 18 मार्च को किसी ने इस अकाउंट से सारे पैसे और दस्तावेज निकाल लिए हैं। अब एनआईए उस शख्स की तलाश में है जिसने यह काम किया है। एनआईए को यह कोई संदेह है कि वह शक्स भी इस साजिश में शामिल हो सकता है।

एनआईए ने 6 दिन की रिमांड मांगी एनआईए ने अदालत में वझे की 6 दिनों रिमांड की मांग की है। वझे ने सीआरपीसी 27 के तहत जो स्टेटमेंट दिया है। उसके आधार पर मीठी नदी से लैपटॉप,




सीपीयू सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एनआईए ने कहा कि जो सीसीटीवी का 120 टीबी डेटा मिला है। उसकी भी पूछताछ वझे से करनी है। इसके अलावा जो कैश बरामद किया गया है उसके सोर्स का भी पता करना है। आईपीडीआर डेटा से लग रहा है कि 25 फरवरी को जो शख्स दिख रहा था। वह वझे हो सकता है, इसलिए उन्हें को घटनास्थल पर चलने के लिए कहा गया था। क्यों चाहिए कस्टडी? एनआईए यह जानना चाहती है कि आखिर सचिन वझे के और कितने बैंक अकाउंट और लॉकर हैं। उसने अब तक कितने पैसे निकाले हैं इस बात की भी छानबीन करनी है। अब तक 7 गाड़ियां बरामद की गई हैं यह गाड़ियां कहां से आई, इसकी भी छानबीन करनी है। वझे के घर से पासपोर्ट मिला है जो उसका नहीं है, फिर किसका है यह पासपोर्ट, इस बात की भी छानबीन करनी है। इस मामले में अब तक 50 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। 30 जगहों का पंचनामा भी किया जा चुका है। वझे के वकील ने कहा सब आरोप गलत सचिन वझे के वकील ने अदालत में कहा कि उसके ऊपर उसके मुवक्किल के ऊपर जो भी आरोप लगाए गए हैं वह सब झूठे हैं। वझे ने अदालत में कहा कि जो जिलेटिन अंबानी के घर के पास स्कॉर्पियो में मिला था वह मेरे खिलाफ प्लांट किया गया है। मैंने कोई भी कबूलनामा नहीं दिया है। मीठी नदी से जो रिकवरी की बात की जा रही है तो वह मीठी नदी 17 किलोमीटर में फैली है और उसकी गहराई तकरीबन 70 मीटर है।




# हरिद्वार में पूज्य मोरारी बापू द्वारा "मानस हरिद्वार" का गान होगा

पूज्य मोरारी बापू के कुल कथाक्रम की ८५८ वीं राम कथा "मानस हरिद्वार" नामाभिधान अंतर्गत, ३/४२०२१ से आरंभ हो रही है। कनखल के "हरिहर आश्रम" के जूना अखाड़ा पीठाधीश आचार्य महामंडलेश्वर श्री अवधेशानन्दगिरिजी महाराज द्वारा आयोजित इस कथा के निमित्त मात्र यजमान, नैरोबी केन्या स्थित श्री निलेशभाइ जसाणी परिवार है।

कथा की व्यवस्था- वाराणसी के श्री अभिषेक खेमकाजी और श्री किशन जालानजी की टीम द्वारा, बहुत ही सुचारु रुप से की गई है। साथ में पिंकी भैया और प्रदीप भैया भी व्यवस्था तंत्र में शामिल है। वर्तमान समय में कोरोना की दूसरी लहर ज्यादा बढ़ रही है। ऐसे में सीमित श्रोताओं के साथ ही कथा गान होगा।आमंत्रित सदस्यों के अलावा किसी और के लिए यहां निवास व्यवस्था आयोजकों की ओर से नहीं की गई।कथा श्रवण के लिए पंडाल में आने वाले सभी श्रोताओं के पास कोरोना नेगेटिव का रिपोर्ट होना आवश्यक है। इसके अलावा मास्क, सामाजिक अंतर और सेनिटराइजेशन पर भी जोर दिया गया है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, "मानस वृंदावन" कथा के आखरी दिन, पूज्य बापू ने अपनी वैश्विक व्यास वाटिका के श्रोताओं को अपने घर पर टीवी के माध्यम से कथा सुनने का अनुरोध किया था। ३/४/२०२१ को शाम चार बजे से सात बजे तक और फिर ४/४ से ११/४/२०२१ तक सुबह दस बजे से एक या देढ बजे तक आस्था टीवी और चित्रकूट धाम की यूट्यूब चैनल से रामकथा का श्रवण लाभ प्राप्त हो सकेगा।




# निर्देशक कृष्णा चौहान फ़िल्म निर्माण के अतिरिक्त अवॉर्ड शो व समाजसेवा के लिए हैं चर्चित

## 4 मई 2021 को अपने बर्थडे के अवसर पर कृष्णा चौहान लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2021 का आयोजन करने जा रहे हैं

मुम्बई : बॉलीवुड फ़िल्म निर्देशक कृष्णा चौहान पिछले कई वर्षो से इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं। इन्होंने कई एड फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो और शार्ट फिल्मे बनाई हैं और अब हिंदी फ़ीचर फिल्म भी बनाने जा रहे हैं।

कृष्णा चौहान का एक फाउंडेशन भी है, जिसका नाम है कृष्णा चौहान फाउंडेशन। जिसके अंतर्गत कृष्णा कई अवार्ड्स शो का भी आयोजन करते हैं। इसके साथ ही कृष्णा की गोरखनाथ मूवीज नामक प्रोडक्शन कंपनी भी है। जिसके अंतर्गत कृष्णा फिल्मों, एड फिल्मों, म्यूजिक वीडियो और शार्ट फिल्मो का निर्माण करते हैं। केसीएफ के अंतर्गत बॉलीवुड लीजेंड अवॉर्ड, बॉलीवुड आइकोनिक अवॉर्ड और लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड का आयोजन सन 2019 से किया जा रहा है। इसके अलावा केसीएफ द्वारा




समाजसेवा, फ़ूड वितरण और भगवद गीता का वितरण भी किया जाता है। कृष्णा चौहान ने इसी वर्ष फरवरी 2021 में बॉलीवुड आइकोनिक अवॉर्ड का शानदार आयोजन किया था। इसके बाद कृष्णा चौहान अपने जन्मदिन यानी कि 4 मई को लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2021 का आयोजन भी करेंगे। इसमें सभी उपस्थित मेहमानों का खास ध्यान रखा जाएगा और कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा दिये गए सभी नियमों और गाईडलाईन्स का पालन भी किया जाएगा। फेस मास्क, सेनेटाइजर का इस्तेमाल आवश्यक होगा और सोशल डिस्टेंस का ख्याल रखा जाएगा। इस साल के अंत में कृष्णा द्वारा 26 दिसम्बर को बॉलीवुड लीजेंड अवॉर्ड का आयोजन भी किया जाएगा। अगले माह अप्रैल में कृष्णा अपनी एक हिंदी फिल्म की घोषणा कर मुहूर्त करने वाले हैं। जिसकी शूटिंग वह अप्रैल और मई महीने में करेंगे। इसके साथ ही कृष्णा चौहान निर्देशित फिल्म 'जीना नहीं तेरे बिना' और हिंदी म्यूजिक एल्बम 'ज़िक्र तेरा' जल्द ही रिलीज होने वाली है। गौरतलब है कि कृष्णा चौहान द्वारा साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान कई जरूरतमंद लोगों को खाद्य वस्तुएं मुहैया कराई गई थी एवं साल के अंत में बॉलीवुड, मीडिया और सोशल वर्करों को लीजेंड दादासाहेब फाल्के 2020 और बॉलीवुड लीजेंड अवार्ड 2020 सम्मानित किया गया था। फरवरी 2021 में बॉलीवुड आइकोनिक अवॉर्ड का शानदार आयोजन किया और सभी को सम्मानित किया।आपको बता दें कि कृष्णा चौहान गोरखपुर यूपी के रहने वाले हैं और पिछले 18 वर्षों से वे मुंबई में रह रहे हैं। अपने स्ट्रगल के दिनों में कृष्णा ने सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया है। आज कृष्णा इंडस्ट्री में किसी पहचान के मोहताज नहीं है। आज के समय में कृष्णा से हर बड़ा बैनर परिचित है। चौहान को अपनी शार्ट फ़िल्म के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड भी मिल चुका है।कृष्णा चौहान फिल्मों, एड फिल्मों, म्यूजिक वीडियो और शार्ट फिल्मो का निर्माण करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कृष्णा चौहान बेसिकली एक फ़िल्म निर्देशक हैं और सोशल वर्कर भी हैं। सोशल एक्टिविस्ट के रूप में लोगों और समाज की सेवा करना कृष्णा चौहान को अच्छा लगता है। लोगों को मान सम्मान देकर उन्हें जो खुशी प्राप्त होती है वो कहीं नही मिलती। गौरतलब है कि 4 मई 2021 को अपने बर्थडे के अवसर पर कृष्णा चौहान लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2021 का आयोजन करने जा रहे हैं, उसी दिन वह अपनी हिंदी फिल्म का एलान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके करेंगे।

# हम अचल न हो सके तो परवा नहीं, नि:छल होना जरूरी है साधु कभी उग्र नहीं होता, लोक कल्याण के लिए व्यग्र होता है

*हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहि सुनहि बहुबिधि सब संता।।*
*द्वारपाल हरि के प्रिय दोउ। जय अरु विजय जान सब कोउ।।*



पतीत पावनी गंगा मैया के तट पर जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर श्री अवधेशानन्दगिरिजी महाराज के हरिहर आश्रम के तत्वावधान में आज से पूज्य मोरारी बापू के श्री मुख से "मानस-हरिद्वार" शिर्षक अंतर्गत रामकथा का गान आरंभ हुआ।

बापू ने प्रारंभ में अपनी स्वभाविक सरलता से कहा कि परम पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर महाराज का आदेश और आशिर्वाद से आज इस तीर्थ पर हमें बुलाया और हमारा मर्तबा बढाया यह करम नहीं तो और क्या है?

कथा की केन्द्रीय पंक्तियां बाल कांड से उठाई गई है। भगवान की कथा अनंत है। गीता में भगवान कृष्ण कहते है कि "मेरी विभूतियां का अंत नहीं है।" बापूने कहा कि- "विभू का अंत तो कहाँ से होगा? इसलिए "हरि अनंत हरि कथा अनंता" है

बापू ने कहा कि माता जानकी का अशोक वाटिका में रहना तो एक लीला थी। सूरज से प्रभा को, चांद से चांदनी को, और पुरुष से उसकी छाया को अलग नहीं किया जा सकता। मा जानकी तो रामजी की छाया है। वह कभी राम से बिलग हो ही नहीं सकती।

मा जानकी अशोक वृक्ष के नीचे बैठी थी, मतलब जानकी भीतर से अशोक अवस्था में डूबी हुई थी। मूलत: तो मा शांति स्वरुपा, भक्ति स्वरुपा है।

पामर की शक्ति अशांत हो सकती है। परम की शक्ति कभी अशांत नहीं हो सकती।

बापू ने कहा कि मनीषियों के इस देश में दिवार तो कहीं हो ही नहीं सकती। यहाँ तो द्वार ही द्वार है। नि:छल भाव से गाना चाहिए। छल आया तो गया समजो। विद्या छल के लिए नहीं, अविद्या के नाश के लिए है।

भगवान ने मानस में कहा है- मोहे कपट छल छिद्र न भावा।

हम अचल न हो सकें, न सही, पर नि:छल होना जरुरी है।

कथा के क्रम में प्रवेश करते हुए बापू ने कहा कि मानस के सात कांड है।

आरंभ में मंगलाचरण के सात मंत्र और अंत में गरुड़जी के सात प्रश्न के बीच में सात सोपान है। आदि, मध्य और अंत में सप्तांक है।

मिथिला के एक साधु ने इन तीनों सप्तांक का प्यारा अर्थ दिया है। सात+सात+सात माने इक्कीस। इक्कीस - एक इस, मतलब - एक ईश-ईश तो एक ही है!

साधु का चित्त कभी उग्र नहीं होता-लोक कल्याण के लिए व्यग्र जरुर होता है।

शंकराचार्यजी के बताये पंचदेवों की प्रथम वंदना कर के तुलसीदासजी ने हरि और हर के बीच में सेतु रचा है।

गुरु वंदना से पंच देव की वंदना हो जाती है। क्योंकि गुरु में पंच देव समाहित है। वंदना प्रकरण में श्री हनुमानजी की वंदना के साथ बापू ने प्रथम दिन की कथा को विराम दिया।

**मनोज जोशी**
**(पत्रकार) महुवा – गुजरात**







यह हिन्दी साप्ताहिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - दिलीप नानजीभाई पटेल द्वारा 403, बिल्डिंग नं.1, रोशन नगर, एस.आर.ए, सी.एच.एस. लि. नियर गणेश मंदिर, ओशिविरा जोगेश्वरी (प्र) मुंबई 400102 से मुद्रित कर एस.आर. पब्लिकेशन एवं प्रिंटींग प्रेस, गाला नं.8/9/10, नीयर घरातन पाड़ा ऑपोजिट रामेश्वरम बिल्डिंग, वैशाली नगर लास्ट बस स्टोप टाईटल फ्रंट, दहिसर (पूर्व), मुंबई 400068 से प्रकाशित किया गया है। संपादकः दिलीप नानजीभाई पटेल, उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा RNI No. MAHHIN/2020/78591 Mob: 7666090910 / 9574400445 Email : mumbaitarang@gmail.com / pateldilipuk2014@gmail.com वाद-विवाद का क्षेत्र मुंबई होगा।